हरिभूमि
रायपुर भूमि





वैष्णव जन तो तेणे कहिये जे पीड़ पराई जाणे रे...



रायपुर। गांधी जयंती पर मंच पर उतर आए महात्मा गांधी...अवसर था खादी सम्मेलन और प्रदर्शनी में नृत्य नाटिका, नाटक के आयोजन का। शुक्रवार को गांधी जयंती पर पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में प्रदेश स्तरीय खादी सम्मेलन एवं स्वदेशी प्रदर्शनी में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की छात्राओं और शिक्षिका डॉ. मेदिनी हंबल ने भरतनाट्यम नृत्य नाटिका के माध्यम से महात्मा गांधी की प्रिय प्रार्थना वैष्णव जन तो तेणे कहिये जे, पीड़ पराई जाणे रे... की सुंदर भावपूर्ण प्रस्तुति से गांधीजी के सत्य-अहिंसा और एकता की विचार को लोगों तक पहुंचाया।

खबर संक्षेप

14 सौ लीटर डीजल जब्त, एक गिरफ्तार



रायपुर। खमतराई पुलिस ने एक व्यक्ति को 14 सौ लीटर डीजल परिवहन करते गिरफ्तार किया है। पुलिस ने टाटा इंट्रा वाहन में सात ड्रमों में भरकर ले जाया जा रहा डीजल जब्त किया है। मामले में वाहन चालक विजेंद्र सिंह यादव (50) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की टीम टाउन भ्रमण पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भनपुरी की ओर से खमतराई की तरफ एक मेटाडोर में बड़ी मात्रा में डीजल ले जाया जा रहा है। पुलिस ने बताए गए वाहन की घेराबंदी कर पकड़ा।

लेन-देन के विवाद पर रास्ते में रोककर पीटा

रायपुर। मुजगहन थाना क्षेत्र में लेन-देन के विवाद में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति की पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक, टीकाराम सिन्हा ने सनमुख जांगड़े के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने लेन-देन के विवाद पर दतरेंगा, गुरु घासीदास चौक पर उसका रास्ता रोककर विवाद और मारपीट की।

शराब पीने पैसे देने से इंकार, की मारपीट



रायपुर। आमानाका थाने में एक व्यक्ति ने दो युवकों के खिलाफ शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रवि कौशल ने छबि तथा रईस के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। उसने पुलिस को बताया कि वह सामान लेने के लिए जा रहा था। टाटीबंध शराब दुकान के पास दोनों उसे रास्ते में रोककर शराब पीने पैसों की मांग करने लगे। इंकार करने पर दोनों लड़कों ने उसके साथ मारपीट की।

छेड़खानी के विवाद पर हत्या, दो को उम्रकैद

रायपुर। खमतराई थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व छेड़खानी विवाद पर युवक की हत्या करने के आरोप में दो आरोपियों को न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा की कोर्ट ने उम्रकैद के साथ 10-10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक जगदीश कुमार अग्रवाल के अनुसार, कोर्ट ने विजय निर्मलकर की हत्या के आरोप में मिथिलेश वर्मा उर्फ बिट्टू तथा जयप्रकाश वर्मा उर्फ छोलू को कैद एवं जुर्माने की सजा सुनाई। कोर्ट में पुलिस द्वारा पेश केस डायरी के मुताबिक, मिथिलेश, लोकेश यादव की पत्नी के साथ छेड़खानी करता था। लोकेश अपने साथी विजय के साथ मिथिलेश को अपनी पत्नी से छेड़खानी करने मना किया। इस दौरान दोनों आरोपियों ने उसके साथ विवाद कर गाली-गलौज किया। विजय के बीचबचाव करने पर आरोपियों ने आक्रोशित होकर उस पर चाकू से वार कर हत्या कर दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बोरियाखुर्द में वन व टू-बीएचके स्वतंत्र मकानों का ऐसा हाल

9 साल गुजर गए, पर अब तक छत नसीब नहीं, पैसा लेने के बाद कभी काम बंद, कभी एजेंसी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बोरियाखुर्द में रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने 2017 में विज्ञापन जारी करते हुए तीन साल में 257 वन बीएचके और 266 शहरी गरीबों को स्वतंत्र मकान देने का सपना दिखाते हुए प्रति आवेदक से बुकिंग शुल्क के रूप में 25 से 30 हजार रुपए वसूल किए, लेकिन 2020 तक किराए के मकानों में रहने वाले शहरी गरीबों का आशियाना बनाकर नहीं दिया। इस लेटलतीफी का खामियाजा अभी भी मकान बुक कराने वाले परिवारों को नौ साल बाद भी इंतजार करना पड़ रहा है, क्योंकि स्वतंत्र मकानों का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

राजधानी के बोरियाखुर्द में शुरू किए गए प्रोजेक्ट के लिए विज्ञापन प्रक्रिया के दौरान वन-बीएचके, जिसमें एक कमरा, एक हाल, लेट-बॉथ और किचन सहित स्वतंत्र मकान की निर्माण लागत 7.20 हजार प्रति हितग्राही तय की गई। इसी तरह टू-बीएचके, जिसमें दो कमरे, एक हाल, लेट-बॉथ सहित सेप्रेट मकान की निर्माण लागत 8.60 लाख तय की गई। इसके लिए बुकिंग कराने वाले प्रति हितग्राही से 25 से 30 हजार बुकिंग शुल्क लिया गया, लेकिन जिस एजेंसी को काम दिया, उसने जमीन समतल करने और कॉलम निर्माण शुरू करने के बाद काम आधे में ही बंद कर दिया। इस प्रोजेक्ट को शुरू कराने के लिए आरडीए के जिम्मेदारों ने दूसरी एजेंसी को काम दिया। इस प्रोजेक्ट से जुड़े परिवारों से बैंक फाइनेंस कराते हुए नौ किस्तों में तय राशि 2022-23 तक जमा ली, लेकिन नौ साल बाद भी लोगों की रजिस्ट्री और पजेशन की प्रक्रिया अधूरी है।

हरिभूमि सरोकार

मौके पर निर्माण प्रक्रिया में अभी ये काम अधूरे

- पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियों की मुख्य नाले से कनेक्टिविटी नहीं
- बिजली और पानी के लिए अभी कनेक्शन देने का प्रोसेस भी अधूरा मिला
- कॉलोनी की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य भी पूरा नहीं हुआ
- सड़क पर सेप्टिक टैंक बनाते समय निकाला गया मलबा सड़क पर जाम



रजिस्ट्री और पजेशन से पहले भुगतान की प्रक्रिया शुरू

इंडब्ल्यूएस कॉलोनी का निर्माण करने में नौ साल लगे, यह सही है। मैने दायित्व संभालने के बाद निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ एजेंसी को दिसंबर तक काम पूरा करने का समय दिया है। जिन लोगों ने मकान लिए हैं, उनको रजिस्ट्री और पजेशन देने से पहले भुगतान प्रक्रिया शुरू की गई है। जल्द ही लोगों को स्वतंत्र मकान दिए जाएंगे।

- नंदकुमार साहू, अध्यक्ष, आरडीए

किराए के मकान से नहीं मिली मुक्ति

मकान बुक कराने वाली जरीना बेगम, अशफाक दानी ने बताया कि बैंक लोन लेकर मकान खरीदने का सपना भारी पड़ने लगा है। लोन की किस्त और मकान का किराया 12 से 14 हजार रुपए देने के बाद भी किराए के मकान से मुक्ति अभी तक नहीं मिली है। हितग्राही जमालुद्दीन ने बताया कि किराए के मकान से राहत के लिए मकान बुक किया। पहले काम करने वाली एजेंसी ने प्रोजेक्ट को अटकाया, अब नई निर्माण एजेंसी को काम करने के लिए 18 महीने यानी दिसंबर 2024 तक का समय दिया, लेकिन निर्माण अवधि बढ़ाते रहे, रजिस्ट्री और कब्जा देने की प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं की गई है।

अधिकारी अब वसूल रहे सरचार्ज, करेंगे वृद्धि

निर्माण स्थल का जायजा लेने पर वहां एजेंसी कर्मी काम करते मिले, लेकिन लोगों को नए आशियाने के लिए अभी और इंतजार करना होगा। हितग्राही हेमकांति गौतम, जितेश्वरी साहू और भूपेंद्र कुमार ने बताया कि जिन लोगों ने तय समय पर डिमांड ड्राफ्ट जमा नहीं किया, ऐसे लोगों से अभी आरडीए सरचार्ज के साथ हिसाब क्लीयर करने में जुटा है। इसके बाद भी लोगों को रजिस्ट्री से पहले साढ़े 7 प्रतिशत मेंटेनेंस शुल्क और इसके अलावा निर्माण सामग्री में वृद्धि के तहत 10 प्रतिशत राशि और ली जाएगी। लोगों पर 80 हजार से 1.30 लाख तक देनदारी और होगी। इस प्रोसेस के बाद रजिस्ट्री और पजेशन देने का क्रम शुरू होगा।

भिलाई विधायक को नोटिस

कोल घोटाले का अंतिम चालान 5 अक्टूबर को



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के चर्चित कोल घोटाला प्रकरण में ईओडब्लू-एसीबी 5 अक्टूबर को अंतिम चालान पेश करने की तैयारी में जुटी हुई है। जांच एजेंसी द्वारा अंतिम चालान पेश किए जाने के समय भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को कोर्ट में उपस्थित रहने नोटिस जारी किए जाने की बात सामने आई है। जांच एजेंसी ने 30 सितंबर 2026 को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7ए और 12 का उल्लेख है। साथ ही आईपीसी की धारा 420, 120-बी, 384, 467, 468 और 471 के तहत दर्ज मामले का उल्लेख किया गया है। अपराध क्रमांक 03/2024 में विवेचना के बाद अभियोग पत्र प्रस्तुत करने की जानकारी दी गई है। एसीबी-ईओडब्लू ने नोटिस में 5 अक्टूबर 2026 को सुबह 10.30 बजे विधायक को न्यायालय में उपस्थित रहने को कहा है। नोटिस में कहा गया है कि अभियोग पत्र प्रस्तुत करते समय विशेष न्यायालय में उपस्थिति बाध्यकारी होने से विवेचना में सहयोग करते हुए न्यायालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। यह नोटिस धारा 170 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत जारी किया गया है।

- कोल घोटाले को लेकर एसीबी, ईओडब्लू अंतिम चालान पेश करने की तैयारी कर रही

खरोंच से खुला मर्डर मिस्ट्री का राज दो साल बाद दबोचे गए तीन बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी को पुलिस ने डीएनए सैंपल के माध्यम से सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी महिला की मनिहारी सामान बेचने का काम करता था। आरोपी शराब पीने के बाद महिला के पास शराब मांगने के लिए पहुंचे थे। महिला के शराब देने से इनकार करने पर बदमाशों ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी थी। नार्थ डीसीपी दीपमाला कश्यप के अनुसार लता साहू (40) की हत्या के आरोप में रावांभाठा निवासी मनहरण सारंग, मुंगेली निवासी राजेश पाल उर्फ चोटी उर्फ राजू, दुर्ग, वैशाली नगर निवासी राजू मंडल उर्फ बंगाली को गिरफ्तार किया है। तीनों ने 21 अगस्त 2024 को महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने महीनों बाद हत्या का केस दर्ज किया। प्रकरण की जांच में किसी भी तरह की सफलता नहीं मिलने पर पुलिस ने जांच बंद कर दी थी।

- दो वर्ष पूर्व शराब नहीं देने पर आरोपियों ने महिला की गला घोंटकर की थी हत्या



ऐसे रहा घटना का सीन

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि महिला ट्रांसपोर्ट नगर में खुले मैदान में झोपड़ी बनाकर रहती थी। घटना दिनांक को तीनों आरोपी उसी स्थान पर बैठकर शराब पीने लगे। शराब कम होने पर तीनों महिला के पास शराब मांगने पहुंचे। महिला के इंकार करने के बाद बदमाशों ने महिला को जमीन पर पटक दिया। इसके बाद एक बदमाश ने महिला का मुंह तथा गला दबाया। एक बदमाश महिला की छाती पर चढ़कर उनके हाथ को पैर को दबा दिया। महिला ने बचने की कोशिश में तीनों बदमाशों को नोंचा। इस कारण महिला के नाखून में तीनों के जैविक साक्ष्य मौजूद रह गए।

20 दिन की जांच में पकड़े गए आरोपी

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती थी। हत्या की गुत्थी सुलझाने पुलिस ने महिला के संपर्क में रहने वाले लोगों के बारे में जानकारी जुटाई। राजेश उर्फ चोटी के करीबी होने की जानकारी मिली। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पूछताछ करने पर वह लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा था। साथ ही उसने घटना दिनांक को घटनास्थल पर अपने अनुपस्थित होने के पुलिस के सामने झूठे साक्ष्य पेश कर बचने की कोशिश की।

एक आरोपी हत्या के केस में सजायाफ्ता

हत्या के आरोप में पुलिस ने जिन तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है, उनमें राजू मंडल उर्फ बंगाली दो चोरी के प्रकरणों के साथ हत्या के आरोप में जेल जा चुका है। हत्या के केस में वह वर्ष 2014 से वर्ष 2023 तक बेमेतरा जेल में सजा काट चुका है। मनहरण सारंग के खिलाफ भी पूर्व में मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने और अवैध वसूली का अपराध दर्ज है।

ऐसे दबोचे गए बदमाश

महिला के शव का पंचनामा करने के साथ ही उनका डीएनए सैंपल लेने के दौरान साड़ी में खून के धब्बे मिले। इसके अलावा उनके नाखून में तीन अलग-अलग बायोलॉजिकल ट्रेसेस (जैविक साक्ष्य) मिले। डीएनए सैंपल में ब्लड किस ग्रुप का है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। महिला के नाखून में मिले जैविक साक्ष्य को प्रिजर्व कर रखा गया और संदिग्धों की निगरानी की गई। निगरानी के दौरान पुलिस को चोटी की मिसिंग होने की जानकारी मिली। चोटी के हत्या की घटना में शामिल होने की बात से इंकार करने पर पुलिस ने उसका डीएनए चेक करने ब्लड सैंपल की जांच की तो महिला का नाखून में मिले डीएनए उसके डीएनए से मैच कर गया। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके डीएनए सैंपल की जांच कर साक्ष्य जुटाकर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी हासिल की।

चोरी की बाइक छोड़ भागा संदिग्ध, जब्त

रायपुर। रात्रि गश्त के दौरान यातायात पुलिस की सतर्कता से चोरी की बाइक जब्त करने में कामयाबी मिली। रात्रि गश्त के दौरान ट्रैफिक टीआई अम्बरीश शर्मा एवं पुलिस पेट्रोलिंग टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान आंबेडकर अस्पताल के सामने एक व्यक्ति सड़क किनारे बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल खड़ी कर संदिग्ध अवस्था में बैठा दिखाई दिया। मोटरसाइकिल के सामने का नंबर प्लेट टूटा हुआ था तथा केवल पीछे नंबर प्लेट लगा था। संदेह होने पर जब पेट्रोलिंग टीम युवक के करीब पहुंची, तब उक्त युवक पुलिस को अपनी ओर आता देख बाइक छोड़ युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। बाइक चोरी की शिकायत मौदहापारा थाना में दर्ज है।

एलटीटी-संतरागाछी के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन, चार-चार फेरे की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आगामी त्योहारों के दौरान ट्रेनों में बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने एलटीटी, लोकमान्य तिलक टर्मिनस सांतरागाछी-एलटीटी के बीच पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन दोनों दिशाओं में चार-चार फेरे लगाएगी। इससे मुंबई, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के बीच त्योहार के दौरान यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिलेगा।गाड़ी संख्या 01107 एलटीटी-सांतरागाछी पूजा स्पेशल 6 से 27 अक्टूबर तक प्रत्येक मंगलवार को एलटीटी से चलेगी। वहीं गाड़ी संख्या 01108 सांतरागाछी-एलटीटी पूजा स्पेशल 8 से 29 अक्टूबर तक प्रत्येक गुरुवार को सांतरागाछी से रवाना होगी। एलटीटी से सांतरागाछी जाने वाली ट्रेन दूसरे दिन गोंदिया में 12.04 बजे, दुर्ग में 14.15 बजे, रायपुर में 14.55 बजे, बिलासपुर में 16.45 बजे और ⏭शेष पेज 13 पर



22 एलएचबी कोच, एसी के तीनों श्रेणी की सुविधा

पूजा स्पेशल ट्रेन में कुल 22 एलएचबी कोच होंगे। इसमें 15 एसी-थर्ड, 3 एसी-सेंकड 1 एसी-फस्ट , 1 पेंट्रीकार और 2 पावरकार शामिल हैं। ट्रेन दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर और खड़गपुर स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन के संचालन दिवस, समय-सारिणी और ठहराव की जानकारी रेलवे की अधिकृत वेबसाइट, एनटीईएस या रेलवन ऐप से जांच लें।

आरपीएफ की टीम ने महिला की काउंसलिंग की

महिला को खींचकर ट्रैक से हटाते ही धड़धड़ाते गुजरी ट्रेन

बच्चे ने कहा- अंकल, मौसी ट्रेन के सामने आने वाली हैं, स्टेशन मास्टर ने दौड़कर महिला को ट्रैक से खींचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कभी-कभी एक छोटी-सी सतर्कता बड़ी अनहोनी को टाल देती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उरकुरा स्टेशन पर 6 सितंबर को बच्चे की सजगता और स्टेशन मास्टर की तत्परता से एक महिला की जान बच गई। बच्चे ने समय रहते स्टेशन मास्टर को अपनी मौसी के ट्रेन के सामने जाने की आशंका बताई। इसके बाद स्टेशन मास्टर ने दौड़कर महिला को ट्रैक से दूर खींच लिया। घटना दोपहर करीब 12:38 बजे की है। स्टेशन मास्टर आनंद उपाध्याय ड्यूटी पर थे और ट्रेन के लिए सिग्नल के आदान-प्रदान के सिलसिले में प्लेटफॉर्म पर आए थे। इसी दौरान एक बच्चा घबराया हुआ उनके पास पहुंचा और बताया कि उसकी मौसी ट्रेन के सामने कूदकर ⏭शेष पेज 13 पर



महिला और बच्चों को संभाला

घटना के बाद स्टेशन मास्टर ने महिला और दोनों बच्चों को संभाला और उन्हें पानी पिलाया। इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ को सूचना दी गई। आरपीएफ की टीम ने महिला की काउंसलिंग की। कुछ देर बाद महिला की माता भी स्टेशन पहुंचीं और अपनी बेटी को सुरक्षित घर ले गईं। रेल प्रशासन के अनुसार, इस घटना में बच्चे की सजगता और स्टेशन मास्टर आनंद उपाध्याय की तत्परता व मानवीय संवेदनशीलता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी त्वरित कार्रवाई से संभावित हादसा टल गया। रेलवे प्रशासन ने स्टेशन मास्टर आनंद उपाध्याय के इस साहसिक और मानवीय कार्य की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

खबर संक्षेप

गांधी जी और शास्त्री को दी पुष्पांजलि

सिलयारी। 02 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के रेस्ट हाउस में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महान विभूतियों को नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा, दुर्गेश वर्मा, हरिशंकर निषाद, नीलू परघनिया, रामानंद वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा, ढालेन्द्र वर्मा, कमल साहू, रवि लहरी, श्रेष्यांश परगनिया, शीतल वर्मा, प्रदीप गोस्वामी, मधु वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, गुलाब टंडन एवं इरफान सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आंगन मिलन कार्यक्रम उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान

कूंरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित 'सेवा संकल्प' पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरदा में विशेष 'आंगन मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला एवं बाल विकास की आधारस्तंभ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिये सम्मानित करना था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, मुख्य अतिथि के रूप में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अंजय शुक्ला ने अपने उद्बोधन में आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की निस्वार्थ सेवा और समर्पण को नमन करते हुए सेवा का संकल्प लेने का आव्हान किया। मुख्य अतिथि वर्णिका शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और पोषण की सुविधाएं पहुंचाना हमारा ध्येय है। कार्यक्रम प्रभारी सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन में अतिथियों द्वारा क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मान पत्र प्रदान कर शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया।

पेज 11 के शेष

एलटीटी-सांतरागाछी के बीच...

रायगढ़ में 18.33 बजे पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन तीसरे दिन सुबह 5 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। वापसी में सांतरागाछी से चलने वाली ट्रेन रायगढ़ में 20.08 बजे, बिलासपुर में 22.25 बजे, रायपुर में अगले दिन 00.05 बजे, दुर्ग में 1.10 बजे और गोंदिया में 3.08 बजे पहुंचेगी। इसके बाद रात 21.30 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

महिला को खींचकर ट्रैक...

जान देने वाली हैं। बच्चे की बात सुनते ही उपाध्याय तत्काल उस दिशा में दौड़े। वहां उन्होंने देखा कि एक महिला ट्रेन के सामने जाने के इरादे से ट्रैक के बेहद करीब खड़ी थी। इसी दौरान एक मालगाड़ी तेज गति से आ रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपाध्याय ने तत्काल महिला का हाथ पकड़ा और पूरी ताकत से उसे ट्रैक से दूर खींच लिया। महिला के सुरक्षित हटते ही कुछ सेकंड बाद मालगाड़ी वहां से गुजर गई।

गांधी जयंती पर प्रतिबंध को ठेंगा, गांव गांव में धड़ल्ले से बिकी अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को पूरे देश में नशामुक्ति और स्वच्छ समाज का संदेश देते हुए मनाई गई, लेकिन सिलयारी, मलौद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री का मामला इसके ठीक विपरीत नजर आया। स्थानीय लोगों के अनुसार गांधी जयंती के दिन सामान्य दिनों की तुलना में अवैध शराब ऊंचे दामों पर बेचे जाने की चर्चा रही। बताया जा रहा है कि सामान्य तौर पर करीब 120 रुपये में मिलने वाली शराब 200 से 250 रुपये तक तथा 100 रुपये कीमत वाली देशी मसाला शराब 180 से 200 रुपये तक में बेचे जाने की बात सामने आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिबंधात्मक कार्रवाई और पुलिस-प्रशासन की लगातार सख्ती के दावों के बावजूद क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पा रहा है। खासकर मलौद और सिलयारी क्षेत्र के साथ आसपास के गांवों में शराब की अवैध बिक्री को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं। गांधी जयंती जैसे महत्वपूर्ण दिन पर भी यदि खुले तौर पर शराब उपलब्ध होने की बात सामने आती है तो यह कानून व्यवस्था और संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

शराब की कालाबाजारी : 2 अक्टूबर को शराबबंदी के दिन अवैध शराब की कीमतों में कथित रूप से अचानक बढ़ोतरी होने की चर्चा ने मामले को और गंभीर बना दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार मांग के अनुरूप शराब उपलब्ध कराने के नाम पर सामान्य कीमत से काफी अधिक राशि वसूले जाने की बात सामने आई। हालांकि इन कीमतों और बिक्री के संबंध में प्रशासनिक स्तर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

खास बातें

- जमकर हुई कालाबाजारी, 120 की शराब 200 से 250 रुपये में बिकी
- मलौद-सिलयारी समेत आसपास के गांवों में थम नहीं रहा कारोबार

आबकारी विभाग की निगरानी पर भी सवाल

अवैध शराब की लगातार शिकायतों के बीच आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं तो विभाग को नियमित और प्रभावी जांच अभियान चलाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बावजूद यदि शराब की बिक्री जारी रहती है तो कानून व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

कार्रवाई के बाद भी क्यों नहीं रुक रहा कारोबार?

क्षेत्र में समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के बावजूद अवैध शराब का कारोबार फिर सक्रिय होने की शिकायतें सामने आती हैं। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि कार्रवाई के कुछ समय बाद ही अवैध बिक्री दोबारा शुरू हो जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कार्रवाई के बावजूद अवैध शराब विक्रेताओं तक शराब पहुंच कैसे रही है और बिक्री का यह नेटवर्क किस तरह संचालित हो रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि केवल छोटे स्तर पर कार्रवाई करने के बजाय अवैध शराब की आपूर्ति और बिक्री की पूरी श्रृंखला की जांच की जाए। शराब कहां से पहुंच रही है, किन माध्यमों से गांवों तक लाई जा रही है और किन स्थानों से इसकी बिक्री की जा रही है, इसकी गंभीरता से जांच होने पर ही वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

गांधी के सत्य-अहिंसा व शास्त्री की सादगी और ईमानदारी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

छछानपैरी मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के छायाचित्र पर हार एवं पुष्प अर्पित कर उनके राष्ट्र के प्रति अतुलनीय त्याग, तपस्या और बलिदानपूर्ण जीवन को स्मरण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं राष्ट्रसेवा के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और देशभक्ति के आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव ब्रह्मानंद ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकमनी कोशले, मंडल अध्यक्ष सेवक पटेल, जिला सचिव मनमोहन कुर्रे, लीलाधर तिवारी, प्रमोद वर्मा, नीलकंठ साहू, डोमन साहू, रामजी कुर्रे, सुजीत बघेल, रेवा चांदने, अलखराम साहू, महेंद्र साहू, गुलाब धृतलहरे, हेमलाल धीवर, अरविंद दीवान सहित मंडल कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गांधी-शास्त्री जयंती, निकाली गई पदयात्रा



अभनपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के तत्वावधान में सद्भावना कुटी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर धनेन्द्र साहू ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वच्छता और नैतिक मूल्यों का संदेश देता है। वहीं लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के आदर्श प्रतीक हैं। उनका 'जय जवान, जय किसान' का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने युवा पीढ़ी से दोनों महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सद्भावना कुटी से बस स्टैंड तक पैदल यात्रा निकाली और महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचारों तथा देशभक्ति के नारों के साथ उनके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीमा निम्बेकर, पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, मंडल अध्यक्ष डोमेंद्र साहू, पार्षद नीलकमल गिलहरे, दिनेश अंबिलकर, इंदरमन पण्डेल, पार्षद बीरेंद्र सिन्हा, बीरबल टंडन, दीक्षा राठी, पार्थ वैष्णव, हिम्मत सिंह, योगेश राठी, नंदकुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, प्रेमचंद सोनवानी, शोभाराम गिलहरे, हरेंद्र

गांधी जयंती पर सकरी में स्वच्छता अभियान

मंदिर हसौद। राजधानी रायपुर के समीप स्थित ग्राम सकरी में राष्ट्रपिता महात्म गांधी की जयंती पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा गांव के सार्वजनिक धरोहर तालाब नल हेड पंप सार्वजनिक भवन चौक चौराहे को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता अभियान का आगाज किया जहां परसाही तालाब में लगातार जलकुंभी बढ़ते देखते हुए ,रायपुर कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष नारायण कुर्रे के नेतृत्व में गांव के सरपंच प्रतिनिधि प्रशान्त कुर्रे के सहयोग व गांव वाले के साथ श्रम दान कर जल कुंभी को तालाब से निकालने का कार्य प्रारंभ हुआ। जिससे जल स्रोतों का संरक्षण और अपने आप पास की स्वच्छता ही एक स्वच्छ. स्वस्थ और सुंदर समाज की आधारशिला है। इस पुनीत कार्य के लिए अपना बहुमूल्य योगदान देने के पंच महेंद्र गेन्द्रे. ईश्वर दिवाकर. उमेशकुमार. जागेश्वर कुर्रे. नीलू निषाद. उत्तरा लहरे. खेम सिन्हा. धनश्याम पाल.लभ्मी नारायण. अलका. मोंगरा पाल. नंदिनी ध्रुव. परमानंद .नरेंद्र लहरे अरुण लहरी. रामदास. दीपेश.आनंद .देवकुमार. बिरसिंग बारले.समस्त ग्राम वासी सहयोग के लिए हाथ बताएं।

ग्रामीणों की अनूठी पहल से सफल हुआ स्वच्छता अभियान



धरसींवा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ और स्वस्थ भारत के सपने को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से ग्राम सिलतरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 07 (दमादपारा) में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का अत्यंत प्रेरणादायक एवं भव्य आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में श्रमदान की संस्कृति को बढ़ावा देना और स्वच्छता के प्रति जनचेतना जगाना रहा। अभियान के दौरान पूरे परिसर की सघन सफाई की गई और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाकर एक नया जीवन तथा स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया गया। यह भव्य कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष शकुंतला सेन की गरिमामयी अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड के सीएसआर विभाग से विवेक चौधरी और सुरेंद्र लांजेवार का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके अलावा गौरी बोले नरसिंह सेन और भुवनेश्वर निषाद की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक उत्साहजनक बना दिया। इस महाअभियान की असली सफलता स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय और भारी सहभागिता रही।



फिल्म सिटी निर्माण के लिए जंगल का सफाया, विरोध में किया सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की जयंती के अवसर पर माना तूता जंगल को बचाने के लिए एक दिवसीय सत्याग्रह एवं भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। सत्याग्रह में समाजसेवी गोपाल वाजपेयी एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य कृष्णाल सिन्हा सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक भूख हड़ताल पर बैठे और माना तूता जंगल को बचाने का संकल्प लिया।

- माना तूता जंगल बचाने गांधी जयंती पर किया भूख हड़ताल
- जंगल काटकर नहीं फिल्म सिटी का निर्माण मैदानी क्षेत्र में करें

सत्याग्रह स्थल पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे सहित कांग्रेसजनों एवं क्षेत्र के नागरिकों ने पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान विशाल शर्मा, संजीव शुक्ला ओबीसी आयोग के पूर्व सदस्य किरण सिन्हा, लोकेश वशिष्ठ, विपिन मिश्रा,सुजीत घिडोडे गोपाल वाजपेयी जितेंद्र कुमार पटेल राजेश पटेल मोनू साहू लव यादव गोवर्धन साहू तुलेश साहू सुलोचना पटेल संतोष यदु रुबेन ऊके,सौरभ मेश्राम विकास जैन मित्तल गुलाब रेहान खान संतोष यादव, उपसरपंच माना बस्ती सहित सैकड़ों नागरिक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी फिल्म सिटी के निर्माण का विरोध नहीं कर रही है, लेकिन जंगल काटकर फिल्म सिटी का निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। फिल्म सिटी का निर्माण किसी मैदानी क्षेत्र में किया जाना चाहिए, ताकि विकास के साथ पर्यावरण और प्राकृतिक विरासत सुरक्षित रहे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जिस स्थान पर फिल्म सिटी निर्माण के लिए जगह निर्धारित की है, वहां लगभग 100 एकड़ में जंगल और 7 हजार से अधिक पेड़ मौजूद हैं। ऐसे में हजारों पेड़ों की कटाई पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय है। माना तूता जंगल क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहर है और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

रेडक्रॉस के प्रयास से मुस्कुरा उठी नन्हीं लीना

तरपोंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के नवाचार 'प्रोजेक्ट जिंदगी मुस्कुराएगी' के तहत एक जरूरतमंद बच्ची के चेहरे पर मुस्कान वापस लौटी है। इस योजना के अंतर्गत शंकर नगर, रायपुर निवासी 10 वर्षीय लीना मानिकपुरी की शारीरिक विकृति को ठीक करने के लिए प्लास्टिक सर्जरी कराई गई। इलाज में सहयोग प्रदान करते हुए रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा रायपुर के माध्यम से कालड़ा प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर को 1 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। यह राशि चेयरमैन राजू शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में अस्पताल प्रबंधन को प्रदान की गई। कालड़ा प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर, रायपुर में लीना मानिकपुरी की यह सर्जरी पूरी तरह से सफल रही।



सीआरपीएफ ने कौंदकेरा में चलाया स्वच्छता अभियान व 90 पौधे रोपे

अभनपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत थनौद स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 211वीं बटालियन द्वारा ग्राम कौंदकेरा के पंडित मिलऊंदास कोसरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया गया। कमांडेंट इनचार्ज एवं द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. विनोद कुमार टंडन के नेतृत्व में 40 से अधिक जवानों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर 90 पौधों का रोपण किया।

डॉ. विनोद कुमार टंडन ने कहा कि स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और हर वर्ष अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने का आह्वान किया।



इस अवसर उप कमांडेंट इकबाल अहमद, उप कमांडेंट गुलशन शर्मा, सरपंच राधिका मनोज यादव, जनपद सदस्य चंद्रिका कुर्रे, रोजगार सहायक चमेली साहू, पंचायत सचिव, राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, ग्राम विकास समिति उपाध्यक्ष सनत कुमार चेलक, यनेश्वर बंजारे, नरेंद्र रात्रे, किरण टंडन, कामता परमार, सुमित बघेल, तुलसी साहू, गिरधारी साहू, मोहन कंवर, वेद प्रकाश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

सिलतरा थाने को वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सौंपे 25 बैरिकेड्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एक सराहनीय पहल की है। संस्थान के प्रबंध निदेशक कुशल वासवानी के कुशल मार्गदर्शन में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी मद के अंतर्गत सिलतरा थाना को 25 नग सुरक्षा बैरिकेड प्रदान किए गए।

- जन-सुरक्षा में सीएसआर के तहत दिया बड़ा योगदान

इस अवसर पर आयोजित एक सादे कार्यक्रम में वासवानी ग्रुप के वरिष्ठ प्रतिनिधि और सिलतरा थाना के अधिकारी व कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से पहुंचे प्रतिनिधियों में विक्रम तंबोली, रंजीत सरकार एवं आलोक सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे। थाना परिसर में बैरिकेड्स सौंपते हुए वासवानी इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन के प्रति अपना पूर्ण सहयोग व्यक्त किया।



कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में विक्रम तंबोली ने कहा, सुरक्षा केवल पुलिस प्रशासन का दायित्व नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदार कॉरपोरेट संस्थान होने के नाते यह हमारा भी परम कर्तव्य है कि हम समाज और स्थानीय प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करें। सिलतरा एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है जहाँ चौबीसों घंटे भारी वाहनों और लोगों की आवाजाही बनी रहती है। वासवानी इंडस्ट्रीज लिमिटेड हमेशा से जनहित और सामाजिक सरोकार के कार्यों में अग्रणी रहा है। हमारे प्रबंध निदेशक कुशल वासवानी का सदैव यही संदेश रहता है कि उद्योग केवल उत्पादन तक सीमित न रहें, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास और सुरक्षा में भी भागीदार बनें।

सिलतरा थाना पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वासवानी ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बनाए रखने और चेकिंग अभियानों के दौरान ये बैरिकेड्स बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे।

नहर के नीचे पाइप डालकर उद्योग का पानी अकोली तालाब में छोड़ने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

सिलयारी। औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा स्थित हीरा गोदावरी पावर एंड इस्पात कंपनी को लेकर एक और गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि कंपनी द्वारा सरकारी सिंचाई नहर के भीतर पाइप निकालकर रास्ता बनाया गया और इसी पाइप के माध्यम से उद्योग का गंदा एवं रासायनिक युक्त पानी अकोली तालाब में छोड़ा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी नहर किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। नहर को क्षतिग्रस्त कर पाइपलाइन डालने के साथ औद्योगिक अपशिष्टयुक्त पानी को तालाब में छोड़े जाने से तालाब के पानी की गुणवत्ता और आसपास के पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। इससे किसानों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई है। मामले को लेकर छत्तीसगढ़ अंबेडकर सेना छत्तीसगढ़ ने जल संसाधन विभाग के समक्ष ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की स्थल जांच कराने की मांग की है। संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष (कार्यकारिणी) हेमंत बंजारे ने कहा कि सरकारी नहर और जलस्रोतों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभाग मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन की जांच, छोड़े जा रहे पानी के नमूने की वैज्ञानिक जांच तथा नहर और अकोली तालाब की स्थिति का निरीक्षण कराए।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.)

// आम सूचना //

जारी दिनांक 23/09/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-मुजगहन प.ह.न.-82 रा.नि. मं रायपुर 18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदकगण दयाराम, चेतन महेश्वरी वगै. पिता जिवराखन निवासी ग्राम मुजगहन रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 47/1 रकबा 0.0450 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19/08/2026 के परिपालन में आवेदकगण की भूमि का सीमांकन गठित दल द्वारा दिनांक 06/10/2026 को किया जाना नियत हैं। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त आवेदित खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/ आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमाकन कार्य किया जा सकता है। सीमाकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-18 कांदुल

न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/...../अ-6/ वर्ष 2025-26 दिनांक- 29/9/2026, ग्राम- सेजबहार, प.ह.नं.- 82 तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार साहू पिता स्व. तुकाराम साहू निवासी ग्राम मुजगहन द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मुजगहन, प.ह.नं. 82, रा.नि.मं. कांदुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर 22/1, 22/3, 22/6, 22/5, 22/8, 22/11, 26/1, 26/10 रकबा 3.723 हे. भूमि आवेदक एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से दर्ज है। सहखातेदार इन्द्रा बाई साहू की मृत्यु दिनांक 07.08.2026 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख से सहखातेदार इन्द्रा बाई साहू का नाम विलोपित किये जाने एवं शेष खातेदार का नाम यथावत दर्ज रखे जाने बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति होतो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 14/10/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो कर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 29/09/2026 को जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
रायपुर



बिजली बिल का नहीं निकला समाधान, पंजीयन कराया, पर पैसा जमा नहीं किया, ऐसे पांच लाख आवेदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के करीब नौ लाख उपभोक्ताओं के बकाया बिल का निराकरण करने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री बिजली बिल बकाया भुगतान समाधान योजना चलाई गई। इस योजना में आठ लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने पंजीयन तो जरूर कराया, लेकिन पंजीयन कराने के बाद भी पांच लाख से ज्यादा उपभोक्ता ऐसे हैं जो अपना बकाया अब जमा ही नहीं कर रहे हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

पॉवर कंपनी को पंजीयन शुल्क के साथ ही बकाया राशि को मिलाकर पॉवर कंपनी को 110 करोड़ मिल गए हैं। लेकिन इसी के साथ उपभोक्ताओं के सरचार्ज के 700 करोड़ से ज्यादा माफ भी किए गए हैं। आने वाले समय में पंजीयन कराने वाले उपभोक्ताओं ने अगर अपना बकाया जमा नहीं किया तो नियमानुसार इसकी बिजली भी कट होगी। प्रदेश में करीब 9 लाख उपभोक्ता ऐसे थे जिन पर डेढ़ हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया था, इनके लिए मुख्यमंत्री समाधान योजना का प्रारंभ मार्च से किया गया था। पहले यह योजना 30 जून तक चली, इसके बाद इसको सितंबर तक बढ़ाया गया। इसके लिए पहले दस फीसदी पंजीयन शुल्क जमा करना जरूरी रखा गया था, लेकिन इसको बाद में कम करके पांच फीसदी कर दिया गया। ऐसा करने के पीछे का कारण यह था कि सभी उपभोक्ताओं के बिजली बिल बकाया का समाधान हो सके। उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराने का तो पूरा लाभ उठाया और पंजीयन कराने के कारण उनका सरचार्ज भी माफ हो गया, लेकिन अब उपभोक्ता बकाया जमा करने से बच रहे हैं।

प्रदेश में 8 लाख से ज्यादा का योजना में पंजीयन



एपीएल को दस फीसदी छूट

सामान्य वर्ग के उपभोक्ताओं को बकाया पर मूल राशि में दस फीसदी की छूट उस स्थिति में दी गई जब वे सारा बकाया एक साथ जमा करेंगे। अगर तीन किस्तों में बकाया किया जाएगा तो पांच फीसदी की छूट मिलेगी। छह किस्तों में बकाया जमा करने की भी सुविधा मिलेगी, लेकिन इसमें कोई छूट नहीं मिलेगी।

बीपीएल को डबल राहत

योजना में बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को डबल राहत दी गई। पहली राहत तो जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन 31 मार्च 2023 के पहले कट हो गया है उनको सरचार्ज में पूरी छूट के साथ ही मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई। इसी के साथ जिन भी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं का कनेक्शन सक्रिय है, पर उन पर हजारों या फिर लाखों का बकाया है उनको भी इस योजना में राहत दी गई है। ऐसे उपभोक्ता जिन पर बकाया राशि पांच साल से ज्यादा समय से बाकी है, उसको मूल राशि में भी 75 फीसदी की छूट दी गई है। इसी के साथ जिन का बकाया एक से पांच साल के बीच है, उनको मूल राशि में 50 फीसदी छूट दी गई है।

खबर संक्षेप

बस्तर बाढ़ से तबाह सरकारी मदद केवल खानापूर्ति : बैज



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बस्तर बाढ़ से तबाह हो गया है। लोगों के मकान, सामान, पशुधन, फसल सब बर्बाद हो गए। अनेकों मार्ग का संपर्क टूट गया, पुल-पुलिया, सड़क सभी कुछ टूटकर बर्बाद हो गया है। जनजीवन ठप हो गया है। इतना सब होने के बाद सरकारी मदद केवल खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं है। श्री बैज ने कहा कि दुर्भाग्यजनक है कि मुख्यमंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने बस्तर आए, लेकिन वे केवल औपचारिकता निभाकर पुल पर खड़े होकर फोटो खिंचवाकर, रील बनवाकर चले गए। मुख्यमंत्री का दौरा बेहद ही संवेदनहीन रहा। मुख्यमंत्री ने बाढ़ से हुए नुकसान और परेशानी को गंभीरता से नहीं लिया। ऐसा लगा कि मुख्यमंत्री नहीं, कोई पर्यटक आया था, जो फोटो खिंचवाया और चला गया।

गांधी जयंती पर धोबी समाज ने शुरू किया एकता अभियान



रायपुर। छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने फिरकापरस्ती समाप्त करने, जबरिया दंड प्रथा समाप्त करने के उद्देश्य से सामाजिक एकता अभियान की शुरुआत समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे, कोषाध्यक्ष गणेशराम निर्मलकर ने की। समाज में यह भी निर्णय लिया है कि अगर समाज के अंतर्गत ही झेरिया कनौजिया मे ही अगर रोटी-बेटी का लेनदेन होता है तो कोई भी संगठन खाप पंचायत चलाने वाले मुखिया किसी को दंडित करता है तो पीड़ित परिवार तहसील जिला प्रदेश समाज के खिलाफ शिकायत कर सकता है, जिस पर से समाज अभियोजन की कार्रवाई करेगा और पूरा समाज पीड़ित परिवार को साथ देगा, न्यायालय में गवाही देनी पड़ी तो वह भी करेंगे। समाज ने गरीब परिवार से उठे और छत्तीसगढ़ से रोजी-रोटी के लिए महाराष्ट्र गए नागपुर में कांग्रेस महासचिव बनाए गए मूलचंद निर्मलकर का अभिनंदन रजक ताज से किया। अभियान में कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष नकुल निर्मलकर, युवा धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अंबे बाघमार, रजक कन्नौजे धोबी महानगर रायपुर धोबी समाज के महासचिव कामन लाल कन्नौजे, आदि समाजजन शामिल रहे।

पहले अनुबंधित एजेंसी के डाक्टर हॉस्पिटल जाकर करते थे संबंधित मरीजों की पुष्टि

कॉल फीडबैक के भरोसे आयुष्मान का ऑडिट डेढ़ साल से नॉन मेडिको संभाल रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज पाने वाले मरीजों से फोन कॉल पर मिलने वाले फीडबैक के भरोसे आयुष्मान योजना में निजी अस्पतालों से आने वाले क्लेम ऑडिट का काम चल रहा है। पहले यह प्रक्रिया विभाग से अनुबंधित टीपीए कंपनी के डॉक्टर संबंधित अस्पताल पहुंचकर पूरी करते थे, जिसकी वजह से फर्जी क्लेम के मामले सामने नहीं आते थे। डेढ़ साल से नया अनुबंध नहीं होने की वजह से काम स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तर की नॉन मेडिको टीम कर रही है, जिससे उपचार में गड़बड़ी की आशंका बढ़ी हुई है।

दो दिन पहले स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने विभिन्न जिलों में निजी अस्पतालों की जांच कर 17 को आयुष्मान हितग्राहियों के इलाज के नाम पर गड़बड़ी के मामले में जांच के दायरे में लाया है। दस्तावेजों की जांच में कुछ हास्पिटलों में बड़ी गड़बड़ी उजागर होने पर योजना से निलंबन, जुर्माना के अलावा अन्य तरह की कड़ी कार्रवाई किए जाने की चर्चा है। इस बारे में योजना से जुड़े जानकारों का तर्क है कि आयुष्मान ऑडिट की लचर व्यवस्था के कारण इस तरह की गडबड़ी भारी पैमाने पर हो रही है।

वर्तमान में हास्पिटलों से आने वाले क्लेम की वास्तविकता का पता लगाने जिला स्तर पर बैठी जांच टीम फोन पर मिलने वाले फीडबैक को आधार बनाती है। फोन धारक के संतोष अथवा असंतोष को क्लेम के पास अथवा रिजेक्शन के लिए आधार बनाया जाता है। ऐसे में गड़बड़ी की आशंका काफी होती है। तर्क है कि यह काम पहले विभाग द्वारा तय की जाने वाले थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर (टीपीए) की टीम करती थी। टीम में न्यूनतम एमबीबीएस डॉक्टर नियुक्त होते थे, जो अस्पतालों में जाकर हितग्राहियों के इलाज और वास्तविक स्थिति का पता लगाते थे। इस दौरान किसी तरह की कमी मिलने पर संबंधित अस्पतालों से उसे सुधार करने कहा जाता था अथवा क्लेम का प्रोसेस ही नहीं किया जाता था।

पिछले डेढ़ साल से यह काम जिला स्तर की निगरानी टीम कर रही है, जिसमें ज्यादातर लोग डॉक्टरी पेशे से नहीं हैं। टीम इलाज के बाद आने वाले क्लेम के आधार पर फोन के माध्यम से मरीजों की पहचान करती है और कई बार चूक हो जाती है।

अब क्लेम के बाद मरीजों से लिया जाता है किए गए उपचार का फीडबैक, होती है गड़बड़ी



आईएमए की मीटिंग गड़बड़ी पर रोष

निजी अस्पतालों में संदिग्ध क्लेम के मामले में स्टेट नोडल एजेंसी की टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। आईएमए के हास्पिटल बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि संगठन ने सभी अस्पतालों से नियमानुसार इलाज करने की अपील की है। इस मामले पर आईएमए विभागीय अधिकारियों से मिलेगा और योजना को पारदर्शिता पूर्ण तरीके से लागू करने की मांग करेगा।

दो साल पहले 48 अस्पतालों पर हुई थी कार्रवाई

आयुष्मान योजना में इलाज के नाम पर गड़बड़ी करने के मामले में दो साल पहले यानी जुलाई 2024 के दौरान 48 अस्पतालों पर कार्रवाई की गई थी। राजधानी समेत अन्य जिलों के 11 अस्पतालों पर बड़ा जुर्माना लगाया गया था। जांच के दौरान पता चला था कि हितग्राहियों से कार्ड ब्लॉक करने के अलावा अतिरिक्त राशि, सामान्य मरीजों का आईसीयू में इलाज तथा गलत पैकेज बताकर मरीजों का इलाज करने जैसा मामला शामिल था। इस बार भी कुछ इसी तरह की कार्रवाई किए जाने की उम्मीद है।

ऐसी सीमेंट इकाई, जो चल रही ग्रीन एनर्जी से

3.3 मिलियन टन सालाना सीमेंट क्षमता वाला संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित कुकुरडीह सीमेंट वर्क्स ने अप्रैल 2026 से हर महीने अपनी पूरी बिजली जरूरत ग्रीन एनर्जी से पूरी करने का दावा किया है। यह दावा आदित्य बिड़ला समूह की अल्ट्राटेक सीमेंट ने 28 सितंबर को जारी एक आधिकारिक घोषणा में किया है।

कंपनी के मुताबिक, कुकुरडीह पहली ऐसी इंटीग्रेटेड सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है, जहां हर महीने बिजली की जरूरत का 100 प्रतिशत हिस्सा ग्रीन एनर्जी से पूरा किया जा रहा है। यह उपलब्धि नवीकरणीय बिजली की खरीद और वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम (डब्ल्यूएचआरएस) के संयोजन से हासिल की गई है। कुकुरडीह संयंत्र को 2024 में शुरू किया गया था। इसकी स्थापित ग्रे सीमेंट उत्पादन क्षमता 33 लाख टन यानी 3.3 मिलियन टन सालाना है।

छत्तीसगढ़ के लिए क्यों खास है ये पहल

छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख सीमेंट उत्पादक राज्यों में शामिल है और यहां सीमेंट उद्योग का बड़ा औद्योगिक आधार है। ऐसे में किसी बड़े सीमेंट संयंत्र द्वारा अपनी बिजली जरूरत के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और औद्योगिक प्रक्रिया से निकलने वाली गर्मी से बिजली बनाने की तकनीक का इस्तेमाल राज्य के औद्योगिक ऊर्जा संक्रमण के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। कुकुरडीह की खासियत यह है कि यहां बात किसी एक दिन या किसी एक महीने की उपलब्धि की नहीं है। अल्ट्राटेक के अनुसार, अप्रैल 2026 से हर महीने संयंत्र की पूरी बिजली जरूरत ग्रीन एनर्जी से पूरी हुई है। हालांकि यहां एक जरूरी अंतर समझना भी महत्वपूर्ण है। कंपनी के बयान में "100 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी" में सोलर या विंड जैसी नवीकरणीय बिजली के साथ डब्ल्यूएचआरएस से पैदा होने वाली बिजली भी शामिल है।

बिजली बनती कैसे है?

कुकुरडीह संयंत्र में इस्तेमाल होने वाली ग्रीन एनर्जी के दो प्रमुख स्रोत बताए गए हैं। पहला, नवीकरणीय ऊर्जा, जिसमें कंपनी के अनुसार सौर, पवन और हाईब्रिड स्रोत शामिल हैं। दूसरा, डब्ल्यूएचआरएस, सीमेंट निर्माण की औद्योगिक प्रक्रिया में पैदा होने वाली गर्मी को बेकार जाने देने के बजाय उससे बिजली पैदा की जा सकती है। इस तरह संयंत्र को अपनी औद्योगिक प्रक्रिया से निकलने वाली ऊर्जा का एक हिस्सा दोबारा बिजली उत्पादन में इस्तेमाल करने का अवसर मिलता है। कंपनी का कहना है कि इन दोनों स्रोतों के संयोजन से कुकुरडीह की पूरी बिजली की जरूरत पूरी हो रही है और संयंत्र की संचालन संबंधी विश्वसनीयता भी बनी हुई है।

गांधी-शास्त्री को भाजपा ने अर्पित की पुष्पांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लालबहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक स्मरण कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कण्डेय और प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन और ने डॉ. नवीन मार्कण्डेय कहा, महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन दर्शन हैं। उन्होंने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और स्वदेशी के संकल्प से स्वतंत्रता संग्राम को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया। आज देश उनके दिखाए मार्ग पर चलकर 'स्वच्छ भारत अभियान' और 'वोकल फॉर लोकल' के जरिए आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहा है।

कांग्रेस ने किया गांधी-शास्त्री को याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रभातफेरी निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन श्वेत गणवेश में जयस्तंभ चौक पर इक्कठा हो कर रघुपति राघव राजा राम, सबको सन्मति दे भगवान भजन के साथ पदयात्रा प्रारंभ कर सामूहिक गान कर रहे थे। पदयात्रा नवीन मार्केट, तात्यापारा चौक होते हुए महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल आजाद चौक ब्राह्मणपारा पहुंची जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा और लाल बहादुर शास्त्री के छाया चित्र पर पुष्पमाला पहनाई गई।

कार्यक्रम में श्रीकुमार शंकर मेनन, सुशील आनंद शुक्ला, ज्ञानेश शर्मा, अशोक बानी, अजय साहू, देवेंद्र यादव, सहदेव व्यवहार, डॉ अनु राम साहू, प्रशांत ठेंगड़ी, चंपालाल देवांगन, संपत सिंह राजपूत, दीपक चौबे, ओम श्रीवास, विनोद सिंह ठाकुर, जावेद नकवी सहित सैकड़ो की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



नूतन स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान भी

रायपुर। गांधी जयंती के अवसर पर नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 4 हजार से अधिक मरीजों ने लाभ लिया। सेवाभावी 75 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों ने इलाज किया और मुफ्त दवा का वितरण किया। शिविर में 80 से अधिक युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने हजारों बच्चों और नागरिकों को स्वच्छता और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय दिशा मंच एवं विकास परिषद द्वारा नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा में आयोजित इस शिविर में सेवा और स्वास्थ्य का अनूठा संगम देखने को मिला।

सीएम साय ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन और प्रदेश प्रभारी स्मृति से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की।इसी के साथ नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी से भी उनकी मुलाकात हुई। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन की पहलों की जानकारी साझा की। उन्होंने प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास, रोजगार के अवसरों और जनहित से जुड़ी योजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया।मुख्यमंत्री ने बस्तर सहित प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के विकास और संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव, छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास और रोजगार, किसानों की आय एवं कृषि आधारित गतिविधियों तथा आदिवासी समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार का प्रयास है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचे।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.)

// आम सूचना //

जारी दिनांक 23/09/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-मुजगहन प.ह.न.-82 रा.नि. मं रायपुर 18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में आवेदकगण दयाराम, चेतन महेश्वरी वगै. पिता जिवराखन निवासी ग्राम मुजगहन रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 47/1 रकबा 0.0450 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19/08/2026 के परिपालन में आवेदकगण की भूमि का सीमांकन गठित दल द्वारा दिनांक 06/10/2026 को किया जाना नियत हैं। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त आवेदित खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/ आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमाकन कार्य किया जा सकता है। सीमाकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-18 कांदुल

न्यायालय अति. तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/...../अ-6/ वर्ष 2025-26 दिनांक- 29/9/2026, ग्राम- सेजबहार, प.ह.नं.- 82 तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार साहू पिता स्व. तुकाराम साहू निवासी ग्राम मुजगहन द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मुजगहन, प.ह.नं. 82, रा.नि.मं. कांदुल, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर 22/1, 22/3, 22/6, 22/5, 22/8, 22/11, 26/1, 26/10 रकबा 3.723 हे. भूमि आवेदक एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम से दर्ज है। सहखातेदार इन्द्रा बाई साहू की मृत्यु दिनांक 07.08.2026 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख से सहखातेदार इन्द्रा बाई साहू का नाम विलोपित किये जाने एवं शेष खातेदार का नाम यथावत दर्ज रखे जाने बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति होतो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 14/10/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो कर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 29/09/2026 को जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
रायपुर

बुढ़ापा बीमारी नहीं, जीवन का स्वाभाविक चरण, स्वास्थ्य की नियमित जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चिकित्सकों ने कहा कि अपने परिवार एवं समाज के वृद्ध सदस्यों के स्वास्थ्य पर नियमित ध्यान दें और उम्र से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को केवल "बुढ़ापे का सामान्य हिस्सा" मानकर नजरअंदाज न करें। समय पर जांच, उचित उपचार, स्वस्थ जीवनशैली और परिवार का सहयोग वृद्धजनों को बेहतर एवं गरिमापूर्ण जीवन जीने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के अंतर्गत संचालित जेरियाट्रिक यूनिट में वृद्धजनों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. देवप्रिया लकड़ा की उपस्थिति में विशेषज्ञ डा. योगेंद्र मल्होत्रा ने बताया कि वृद्धावस्था कोई बीमारी नहीं, बल्कि जीवन का एक स्वाभाविक चरण है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर में कई तरह के परिवर्तन होते हैं, जिन्हें समझना और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान करना बेहद जरूरी है। नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से वृद्धजनों को कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सकता है तथा उनकी जीवन गुणवत्ता बेहतर की जा सकती है। वृद्धावस्था में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गठिया, दृष्टि एवं श्रवण संबंधी समस्याओं के साथ-साथ स्मृति एवं मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, चलने-फिरने में कठिनाई तथा गिरने जैसी समस्याएं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं।



THE SCREW DRIVER

शगुन के सिर्फ

कूपन कोड: SHAGUN11

₹11

रुपये में
ऐप से बुक करें
कोई भी सर्विस!

One App,
Every Home
Need.

Trusted Professionals.
At Your Doorstep.

Electrician
Plumber
AC Services
& More



OUR SERVICES

Electrician
Wiring Repairs Switches

Plumber
Leakage Fittings Drainage

AC Repair
Cooling Servicing Gas Refill

Carpenter
Furniture Repair Fittings

Cleaning
Home Deep Sofa

Home Appliances
Repair Installation Servicing



Scan QR For
Download The App

GET IT ON Google Play
Download on the App Store

Trusted Professionals | On-Time Service | Transparent Pricing | 24/7 Support

BOOK YOUR SERVICE TODAY

खबर संक्षेप



गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान

रायपुर। वॉलफोर्ट एनक्लेव-2 के उपाध्यक्ष एव समाजसेवी संतोष गुप्ता के नेतृत्व में गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पूरी सोसाइटी की सफाई की गई। अभियान में सोसाइटी के नारायण तोषनीवाल, संतोष सिंह, भरत जैन और प्रीतेश धवलिया एव सोसाइटी के सभी सदस्य, महिलाएं, बच्चों ने हिस्सा लिया। गांधी जयंती पर कार्यक्रम के दौरान सभी मेंबर्स ने स्वच्छता का संकल्प लिया।

दीपा बनीं महिला ब्रिगेड रायपुर शहर कार्यकारी अध्यक्ष

रायपुर। देशहित और समाजसेवा के प्रति समर्पण तथा समाज में



सराहनीय योगदान को देखते हुए राष्ट्रहित में समर्पित हिंद सेना समाजसेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य केंद्रीय मंत्रालय भारत सरकार मंगेश वैद्य ने मध्यप्रदेश युवा ब्रिगेड प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. रचना लोंगिया की अनुशंसा पर वरिष्ठ महिला समाजसेवी दीपा सोनी को महिला ब्रिगेड रायपुर शहर कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह परिहार, पर्यावरण संरक्षण विभाग राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामदयाल मीणा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री द्वय योगेश वैद्य, संजीव मल्होत्रा, डॉ. मनोज बात्री, महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल, युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य साहू, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष निरंजन सिंह चौधरी, छात्र ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप सिंह, युवा ब्रिगेड प्रदेश संगठन मंत्री स्वराज मुदलियार सहित हिंद सेना के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

रायपुर/दुर्ग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रूआबांधा में विकासखंड स्तरीय चित्रकला पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में ब्लॉक के 68 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

4 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस सम्मान समारोह



रायपुर/दुर्ग। अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन 4 अक्टूबर को स्थान-स्वामी विवेकानंद भवन, जेल तिराहा चौक पदमनाभपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले के 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वृद्धजनों को सम्मिलित करते हुए वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य संबंधी, विधिक सहायता, माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम की जानकारी, साइबर क्राईम की जानकारी प्रदान की जाएगी एवं उनके अनुरुप खेल-कूद, गीत-संगीत का भी आयोजन किया जाएगा तथा समस्त वरिष्ठजनों का जनप्रतिनिधियों के करकमलों द्वार सम्मान किया जाएगा।

निधन

शिवेंद्र सिंह

रायपुर। संतोषीनगर निवसी शिवेंद्र सिंह उर्फ सोनू (44) का 2



अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 अक्टूबर को प्रातः 9.30 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. ओमनारायण सिंह के पुत्र एवं बीर सिंह के पिता थे।

बार नवापारा के बाद अब गोमर्डा में 20 काले हिरण छोड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बार नवापारा अभयारण्य में काले हिरणों का कुनबा बढ़ाने के बाद अब सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गोमर्डा अभयारण्य में 20 काले हिरण छोड़े गए है। काले हिरण छोड़े जाने का मामला स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक के एजेंडे में शामिल है। बोर्ड की बैठक 5 अक्टूबर को प्रस्तावित है। काले हिरण छोड़े जाने के बाद बैठक में अब कार्य स्वीकृति लेने की औपचारिकता पूरी की जाएगी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, काले हिरणों को बरमकेला परिक्षेत्र के दैहान में गुरुवार को छोड़ा गया है।

एक्सक्लूसिव

- स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक के एजेंडे में काले हिरण छोड़े जाना शामिल
- अब कार्य स्वीकृति लेने की औपचारिकता पूरी की जाएगी



कुनबा बढ़ने से विभाग उत्साहित

बार नवापारा में काले हिरणों की संख्या बढ़ने से विभागीय अधिकारी काफी ज्यादा उत्साहित हैं। गोमर्डा अभयारण्य में काले हिरण छोड़े जाने का एक बड़ा कारण इस वनक्षेत्र में हर्बिवोर प्रजाति के वन्यजीवों के चारे के लिए ग्रास लैंड है। गोमर्डा अभयराण्य का ग्रास लैंड राज्य के किसी अन्य वनक्षेत्र के ग्रास लैंड से ज्यादा भू-भाग में शामिल है। इस कारण इस वनक्षेत्र में इंडियन गौर, चीतल सहित अन्य शाकाहारी प्रजाति के वन्यजीवों को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा मिलता है। इसी वजह से वनक्षेत्र में शाकाहारी प्रजाति के वन्यजीवों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

बार नवापारा अभयारण्य में 77 काले हिरणों से शुरू हुआ कुनबा लगातार बढ़ रहा है। अब तक वनक्षेत्र में 120 काले हिरण छोड़े जा चुके हैं तथा 90 से अधिक बाड़े में हैं। बार नवापारा का वनक्षेत्र इनके लिए अनुकूल रहवास होने के कारण इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। वन विभाग सतत इनके संरक्षण-संवर्धन में लगा हुआ है। बार नवापारा में काले हिरणों की संख्या बढ़ने पर प्रधानमंत्री ने 26 अप्रैल 2026 को प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में इस योजना की सराहना की है।

निगम सीमा में सड़कों की बदहाली ने बढ़ाए वाहनों के हिचकोले, लालपुर रूट का मेंटेनेंस फेल

बारिश में उखड़ी सड़क, बजरी से गड्ढे भरे, अब धूल के गुबार ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बारिश में सड़कों पर जलभराव होने से अब सड़कों की परतें उखड़ने लगी हैं। बजरी गिट्टी से जिन मार्गों के गड्ढों को भरा गया था, अब वह भी राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। इस तरह की स्थिति से रिंगरोड से होते हुए भाठागांव चौक से काठाडीह की ओर आने-जाने वाले लोगों को रात में दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह गोदड़ीधाम से लालपुर फल मार्केट के पास करीब आधा किलोमीटर डबललेन सड़क एक तरफ से जर्जर हो गई है। इस रूट पर सीमेंट और गिट्टी से भरे गए गड्ढों से आते-जाते हुए वाहनों के हिचकोले लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं।

भाठागांव क्षेत्रवासियों से मिली सूचना पर हरिभूमि टीम ने शुक्रवार को रिंगरोड से भाठागांव, काठाडीह टर्निंग के बीच करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क का जायजा लिया। इस रूट से आने जाने वाले लोगों ने बताया कि स्कूल और पर्बल्कि ट्रांसपोर्ट की बसों की आवाजाही से लोगों को धूल का सामना करना पड़ रहा है। इस रूट पर अभी 50 से ज्यादा ऐसे गड्ढे हैं, जहां से आने-जाने वाली गाड़ियां हिचकोले ही नहीं खातीं, बल्कि रात में ई-रिक्शा कई बार पलटने की घटना हो चुकी है। शुभम साहू और राजेश निर्मलकर ने बताया कि पूर्व में निगम और जोन में की गई शिकायत के बाद बड़े गड्ढों को पाटने के लिए बजरी गिट्टी डाली गई है। इस मार्ग पर करीब 200 मीटर सड़क को एक तरफ से डामरीकरण भी किया गया, लेकिन दूसरी तरफ की सड़क से दोपहिया चालकों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि सरोकार



मेंटेनेंस के बाद फिर खराब हुई सड़क

देवपुरी में गोदड़ीधाम से लालपुर और फल मार्केट के बीच आधा किलोमीटर डबललेन कंक्रीट सड़क एक तरफ से खराब है। इसे कुछ दिनों पहले सीमेंटेड किया गया, लेकिन बारिश और भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क फिर से खराब हो रही है। महेश तिवारी और विनोद शर्मा ने बताया कि फल मार्केट में व्यवसाय के लिए आने-जाने का मुख्य मार्ग होने से लोगों की आवाजाही ज्यादा रहती है। इसके चलते कंक्रीट सड़क का किया गया मेंटेनेंस भी नहीं टिक पाया। वार्ड प्रतिनिधि सहित निगम प्रशासन को भी जानकारी दी गई है, लेकिन अभी तक मौके पर किसी प्रकार का सुधार नहीं किया गया है। जबकि इस रूट से हजारों लोग प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। बारिश होने पर जलभराव की स्थिति में इस रूट से आना-जाना और भी खतरनाक हो जाता है।

कराएंगे सुधार

भाठागांव मार्ग का निर्माण शुरू किया गया था, लेकिन डामर नहीं मिलने से काम बंद करने की स्थिति बनी। इस रूट को बेहतर बनाने कार्य किया जाएगा। लालपुर रूट की जांच कराने के बाद मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

विनोद कुमार पांडेय,
अपर आयुक्त, नजि रायपुर

आश्वासन की फाइलों को गति दिलाने डीएमई और डीएचएस से मिला जेडीए



रायपुर। आंदोलन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री से मिले आश्वासन की फाइलों को आगे बढ़ाने के लिए जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने संचालक चिकित्सा शिक्षा तथा संचालक स्वास्थ्य सेवाएं से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल द्वारा आंदोलन के दौरान जेडीए की ओर से प्रस्तुत प्रमुख मांगों से अधिकारियों को अवगत कराते हुए इस पर शीघ्र प्रशासनिक कार्यवाही प्रारंभ करने एवं संबंधित प्रस्तावों को जल्द से जल्द शासन स्तर पर प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया।

जेडीए की प्रमुख मांगों में एमबीबीएस एवं पोस्ट पीजी बांड की अवधि में कमी, बांड डाक्टरों की वेतन विसंगतियों को दूर करना, बंधक राशि समाप्त करना, सुपर स्पेशलिटी कैडर की स्थापना तथा इंटर्न, पीजी रेजिडेंट एवं बॉन्डेड चिकित्सकों के वेतनमान में सुधार सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों के समक्ष यह बात रखी कि प्रदेश के जूनियर चिकित्सकों ने जनहित एवं स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए आपसी सहमति के आधार पर आंदोलन समाप्त किया है। ऐसे में आंदोलन के दौरान बनी सहमति को ठोस प्रशासनिक आदेशों में परिवर्तित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि चिकित्सकों की लंबित समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। जेडीए प्रतिनिधिमंडल ने सभी अधिकारियों से मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करते हुए शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। अधिकारियों के समक्ष मांगों के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को गति देने एवं संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने का विषय भी रखा गया।

शांति-अमन के लिए समाजों, संस्थाओं ने चलाया अभियान, अपशब्दों का प्रयोग रोकने निकाली रैली

राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र में शासन -प्रशासन और आम लोगों को सजग करने किया प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री जयंती पर शहर में किसी संस्था ने देश एवं प्रदेश में शांति-अमन के लिए एक दिन का उपवास किया। कई समाजों एवं संस्थाओं ने अभियान चलाते हुए रैली निकाली। महिलाओं ने समाज निगम गार्डन से राजीव गांधी चौक तक रैली निकालते हुए अभियान चलाया। इसमें लोगों से आव्हान किया गया कि व्यावहारिक जीवन और सार्वजनिक स्थलों पर अपशब्दों का प्रयोग लोग बंद करें। इसके लिए नशामुक्ति और सभ्य समाज की परिकल्पना करने वाली विभूतियों और उनके विचारों को याद किया। आजाद चौक स्थित गांधी प्रतिमा के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था के सदस्य पी. संतोष नायडू ने 19वें वर्ष भी गांधी जयंती पर एक दिवसीय उपवास किया।

उनके साथ राजनांदगांव जिला के आचार्य प्रहलाद मिश्रा, राजकुमार मंडावी दुर्ग जिला के बसंत कश्यप, रायपुर जिला के मुकेश चोपड़ा, ललित मिश्रा, शशि पांडे ने भी एक दिवसीय उपवास देश में अमन चैन व शांति के लिए किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी सदस्य सविता पाठक, सुनील बाजारी, अजय जैन, राजेन्द्र उमाठे,मंगलसिंग,बबिता नत्थानी,अनिल गुप्ता, चंद्रकांत पांडे, सुधा कसार, महेश दुबे, शैलेन्द्र राठौर, परसराम अहीर, रमेंद्रनाथ मिश्रा,ललित मिश्रा सहित सेनानी परिवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

बोलचाल में अपशब्दों के प्रयोग से बचने अपील

छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी-घसिया समाज महिला प्रकोष्ठ की पहल पर शुक्रवार को निगम गार्डन से राजीव गांधी चौक तक शाम 4 बजे जन जागरुकता के लिए अभियान चलाते हुए महिलाओं ने रैली निकाली। इसका समापन राजीव गांधी चौक के पास किया गया। जहां समाज की ओर से आम लोगों से आह्वान किया गया कि घर-परिवार ही नहीं समाज और रास्ते में आते-जाते अपशब्दों का प्रयोग करने से लोगों को बचने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर समाज प्रमुख लखन सागर, गोपी शेन्द्रे ने भी लोगों को संबोधित किया। वहीं वर्णिता सिंदुरिया और कौशल्या सोनी ने लोगों से आग्रह किया कि वेदों-शास्त्रों को पढ़ने वाले समाज में अपशब्दों का चलन व्यावहारिक जीवन का हिस्सा बनना गलत है।

छत्तीसगढ़ी भाषा सत्याग्रह, अनशन पर बैठे 15 युवा

राज्य और राजभाषा बनने के बाद भी छत्तीसगढ़ी भाषा को लेकर राज्य के अंदर ही लोगों के बीच संघर्ष जारी है। निवेदन-प्रतिवेदन और ज्ञापन -विज्ञापन के साथ सतत धरना-आंदोलन-प्रदर्शन सत्याग्रह और अनशन भी जारी है। यही स्थिति 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर एक बार फिर देखने को मिली। राज्य निर्माण आंदोलन स्थल आजाद चौक पर छत्तीसगढ़ी भाषियों ने सत्याग्रह और अनशन किया।इसके पहले राजकुमार कॉलेज से आजाद चौक गार्डन तक रैली निकाली। इसके बाद नंदकिशोर शुक्ल 85 की उम्र में न सिर्फ सत्याग्रह में शामिल होने बिलासपुर से आए, बल्कि उन्होंने हुंकार भरते हुए सरकार को चेतावनी भी दी। श्री शुक्ल ने कहा कि शिक्षा का अधिकार कानून 2009 से लेकर नई शिक्षा नीति-2020 लागू होने के बाद भी मातृभाषा में शिक्षा नहीं दी जा रही है. इसे लेकर छत्तीसगढ़ी समाज में आक्रोश है। जितेन्द्र साहू सहित 15 साथियों ने एक दिवसीय अनशन में सहभागिता निभाई।

वन्यजीव सप्ताह, बाघ रथ पहुंचेगा गांव-गांव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बीजापुर में वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ वनमंत्री केदार कश्यप ने किया। इस अवसर पर उन्होंने इंद्रावती टाइगर रिजर्व द्वारा तैयार किए गए 'बाघ रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ गांव-गांव पहुंचकर वन्यजीव संरक्षण, बाघों की सुरक्षा और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के प्रति लोगों को जागरूक करेगा। वनमंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जंगल और वन्यप्राणी हमारी अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं।

इनका संरक्षण केवल वन विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। वन्यजीवों की प्रभावी सुरक्षा के लिए स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने 'बाघ रथ' के माध्यम से प्रारंभ किए गए जनजागरूकता अभियान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह पहल वनांचल के गांवों तक वन एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश पहुंचाएगी और लोगों को जैव विविधता के महत्व से जोड़ेगी।

ट्रेडिंग प्लेटफार्म में निवेश में फायदा दिखाकर बनाया शिकार

क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर 25 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्रिप्टो करेंसी तथा यूएसडीटी ट्रेडिंग में रकम निवेश करने पर कम समय में ज्यादा लाभ मिलने का झांसा देकर महिला समेत दो लोगों ने कामधेनु विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी से 25.67 लाख रुपए की ठगी की है। पीड़ित चिकित्सा अधिकारी ने घटना की शिकायत आजाद चौक थाना में दर्ज कराई है।

समता कालोनी निवासी राकेश कुमार मिश्रा ने रेशमी गुप्ता तथा सुरेश चौहान के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। चिकित्सा अधिकारी ने पुलिस को बताया कि अगस्त 2026 में फेसबुक के माध्यम से उनका रेशमी गुप्ता नाम की युवती से संपर्क हुआ था। उसने क्रिप्टो करेंसी में निवेश का प्लान बताते हुए अच्छा मुनाफा होने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने अपने सीनियर सुरेश चौहान से संपर्क कराया। सुरेश ने चिकित्सा अधिकारी को सिनचेन नामक ऑनलाइन प्लेटफार्म पर पंजीकृत कराया। यहां शुरुआती ट्रेडिंग में मुनाफा दिखाया गया। साथ ही बाइनेंस ट्रेडिंग एप पर भी खाता बनवाकर कुछ रकम भारतीय मुद्रा में लाभ के रूप में दिखाई गई।

कामधेनु विवि में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट



आरबीआई को फर्जी पत्र दिया

मुनाफे का ग्रॉफ बढ़ने पर राकेश ने और रकम निवेश कर दी। 22 सितंबर को जब उन्होंने रकम निकालने की कोशिश की तो निकासी रोक दी गई। इसके बाद उसे बताया गया कि राशि निकालने के लिए आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार वेरिफिकेशन चैनल फीस जमा करनी होगी। शिकायतकर्ता ने जब आरबीआई की गाइडलाइन का पत्र मांगा तो उसे आरबीआई का पत्र भेजा गया। जांच कराने पर पत्र फर्जी पाया। इसके बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत भी दर्ज कराई है।

पेज 11 के शेष

एलटीटी-संतरागाछी के बीच...

रायगढ़ में 18.33 बजे पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन तीसरे दिन सुबह 5 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। वापसी में सांतरागाछी से चलने वाली ट्रेन रायगढ़ में 20.08 बजे, बिलासपुर में 22.25 बजे, रायपुर में अगले दिन 00.05 बजे, दुर्ग में 1.10 बजे और गोंदिया में 3.08 बजे पहुंचेगी। इसके बाद रात 21.30 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

महिला को खींचकर ट्रैक...

जान देने वाली हैं। बच्चे की बात सुनते ही उपाध्याय तत्काल उस दिशा में दौड़े। वहां उन्होंने देखा कि एक महिला ट्रेन के सामने जाने के इरादे से ट्रैक के बेहद करीब खड़ी थी। इसी दौरान एक मालगाड़ी तेज गति से आ रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपाध्याय ने तत्काल महिला का हाथ पकड़ा और पूरी ताकत से उसे ट्रैक से दूर खींच लिया। महिला के सुरक्षित हटते ही कुछ सेकंड बाद मालगाड़ी वहां से गुजर गई।

बिजनेस साइट

यूनियन बैंक में हिंदी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



रायपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में हिंदी दिवस उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र प्रमुख रणधीर कुमार, क्षेत्रीय एग्योरेंस प्रमुख अमित कुमार सिन्हा सहित अन्य कार्यपालकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख ने राजभाषा हिंदी के महत्व और कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के उपयोग पर प्रकाश डाला। समारोह में क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रकाशित संदर्भ साहित्य 2025-26 का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंतर शाखा राजभाषा शील्ड 2025-26 के विजेता शाखाओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं व्यक्तिगत राजभाषा पुरस्कार और हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह में क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर और विभिन्न शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा प्रभारी नितिन वासनिक ने किया।

ओम हॉस्पिटल में सफल प्लास्टिक सर्जरी

रायपुर। महादेवघाट रोड स्थित ओम हॉस्पिटल में अमेरिका में रहने वाली एक महिला की होठ की प्लास्टिक-कॉस्मेटिक सर्जरी की गई। करीब एक साल पहले सड़क हादसे में दांत से होठ कटने के बाद घाव तो ठीक हो गया था, लेकिन होठ में छोटी गठान बन गई थी। इससे महिला को परेशानी हो रही थी। महिला ने अमेरिका में चिकित्सकों से परामर्श लिया था, जहां सर्जरी के लिए करीब 14 महीने बाद की तारीख मिली। इसी बीच रायपुर आने पर उन्होंने ओम अस्पताल के प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन और निदेशक डॉ. कमलेश अग्रवाल से संपर्क किया। जांच के बाद चिकित्सकीय सलाह पर सर्जरी की गई। अस्पताल के अनुसार, ऑपरेशन के बाद महिला को किसी गंभीर परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा और कुछ घंटे बाद ही उन्हें छुट्टी दे दी गई। महिला ने बताया कि सर्जरी के दौरान उन्हें दर्द महसूस नहीं हुआ। डॉ. अग्रवाल के अनुसार, उपचार के बाद होठ पर ऑपरेशन या टांके का निशान नजर नहीं आएगा।



त्योहारी सीजन में घर सजाने के लिए 'एना होम कॉन्सेप्ट' में नया कलेक्शन

रायपुर। देवपुरी स्थित 'एना होम कॉन्सेप्ट' ने त्योहारी सीजन के लिए होम डेकोरेशन के नए कलेक्शन के साथ चयनित उत्पादों पर 5 से 20% तक की छूट की घोषणा की है।



यहां घर, ऑफिस और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सजावट के लिए विभिन्न डिजाइन और रेंज के उत्पाद उपलब्ध हैं। नए स्टॉक में वॉसेज, आर्टिफैक्ट्स, वॉल आर्ट, मेटल आर्ट, सीनरीज, वॉल फ्रेम्स, आर्टिफिशियल फ्लावर्स, वर्टिकल गार्डन्स, म्यूरल्स, वॉटर फाउंटेन और स्टैच्यूज शामिल हैं। इसके अलावा बुद्धा और देवी-देवताओं की सजावटी मूर्तियां भी उपलब्ध हैं। संस्थान के अनुसार, कलेक्शन में पारंपरिक कला के साथ आधुनिक डिजाइन को शामिल किया गया है। आर्टिफिशियल फ्लावर्स और वर्टिकल गार्डन्स कम जगह में सजावट के विकल्प उपलब्ध कराते हैं। दीपावली सहित आगामी त्योहारों को देखते हुए ग्राहकों के लिए विभिन्न डिजाइन और उपयोग के अनुसार विकल्प रखे गए हैं। होटल, रेस्टोरेंट, ऑफिस, शोरूम सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए बल्क ऑर्डर की सुविधा भी उपलब्ध है।

यात्रियों को मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन करते ही मार्गदर्शक बताएगा टॉयलेट, प्लेटफॉर्म और पार्किंग का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहली बार आने वाले यात्रियों के लिए पानी, शौचालय, प्रतीक्षालय, पार्किंग या किसी प्लेटफॉर्म तक पहुंचना अब पहले की तुलना में आसान हो सकेगा। यात्रियों को सुविधा तलाशने के लिए दूसरे लोगों से पूछने या पूरे स्टेशन परिसर में भटकने की जरूरत न पड़े, इसके लिए रेलवे एआई आधारित डिजिटल पैसेंजर नेविगेशन व वे-फाइंडिंग सिस्टम मार्गदर्शक शुरू करने की तैयारी में है। यह सुविधा फिलहाल प्रायोगिक तौर पर शुरू किए जाने की तैयारी है। मार्गदर्शक के जरिए यात्री स्टेशन परिसर का डिजिटल नक्शा अपने मोबाइल पर देख सकेंगे। किसी निर्धारित सुविधा तक पहुंचने के लिए उन्हें उसका स्थान और वहां जाने का मार्ग डिजिटल रूप से मिल सकेगा। इसके लिए स्टेशन पर उपलब्ध डिजिटल माध्यम या क्यूआर कोड को स्कैन कर जानकारी हासिल करने की सुविधा प्रस्तावित है। इस सिस्टम का मकसद केवल यह बताना नहीं है कि सुविधा कहां मौजूद है, बल्कि यात्री को यह जानकारी देनी भी है कि वहां पहुंचने के लिए किस दिशा में जाना है, यानी यात्री अपने मोबाइल पर मार्ग देखकर संबंधित स्थान तक पहुंच सकेगा।

अलग खबर

एआई आधारित 'मार्गदर्शक' डिजिटल नेविगेशन सिस्टम जल्द होगा शुरू

एक क्लिक पर मिलेगी पूरी जानकारी

जब हरिभूमि ने मार्गदर्शक के डिजिटल मैप की पड़ताल की तो पता चला मार्गदर्शक के डिजिटल मैप में रायपुर रेलवे स्टेशन की प्रमुख यात्री सुविधाओं को शामिल किया गया है। बार कोर्ड स्कैन करते ही मोबाइल पर प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और शौचालय तक पहुंचने का रास्ता दिखाई देने लगा। इसके अलावा लिफ्ट और एस्केलेटर, प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग व पिकअप क्षेत्र तथा टिकट से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है। दिव्यांग यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और स्टेशन परिसर के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों को भी डिजिटल मैप में दर्शाया गया है। इससे यात्रियों को सुविधा का स्थान खोजने के साथ वहां तक पहुंचने का मार्ग भी आसानी से पता चल सकेगा।



पहली बार आने वालों को ज्यादा फायदा

रायपुर स्टेशन का परिसर विस्तृत है और यहां कई प्लेटफॉर्म, प्रवेश-निकास द्वार और यात्री सुविधाएं मौजूद हैं। ऐसे में पहली बार स्टेशन आने वाले यात्रियों को अक्सर यह पता लगाने में परेशानी होती है कि किस सुविधा के लिए किस दिशा में जाना है। वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग यात्री, बच्चों के साथ यात्रा करने वाले परिवार और कम समय में किसी निर्धारित स्थान तक पहुंचने वाले यात्रियों के लिए यह सुविधा विशेष रूप से उपयोगी हो सकती है। रेलवे के अनुसार मार्गदर्शक को केवल लोकेशन बताने वाले सिस्टम के रूप में नहीं, बल्कि डिजिटल वे-फाइंडिंग समाधान के तौर पर विकसित करने की परिकल्पना की गई है। डिजिटल मैप और दिशा-सूचक मार्ग के माध्यम से यात्री यह समझ सकेंगे कि वे वर्तमान स्थान से संबंधित सुविधा तक किस रास्ते से पहुंच सकते हैं।

आगे और स्मार्ट होगी व्यवस्था

मार्गदर्शक सुविधा का उद्देश्य तकनीक के माध्यम से यात्री सेवाओं को अधिक सुगम, स्मार्ट और यात्री-केंद्रित बनाना है। प्रायोगिक शुरुआत के बाद इसकी उपयोगिता और संचालन के आधार पर आगे की व्यवस्था विकसित की जाएगी। भविष्य में स्टेशन की विभिन्न सुविधाओं की डिजिटल मैपिंग, रियल-टाइम सूचना और अन्य स्मार्ट यात्री सेवाओं को भी ऐसे प्लेटफॉर्म से जोड़े जाने की संभावनाएं हैं।

- डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

खबर संक्षेप

ट्रांसपोर्ट कारोबारी से चाकू की नोक पर लूट

रायपुर। गंज थाना क्षेत्र के बांसटाल में ट्रांसपोर्ट कारोबारी के कार्यालय में घुसकर नशे में धुत युवक ने जमकर हंगामा करते हुए चाकू की नोक पर पांच हजार रुपए की लूट को अंजाम दिया। स्वरूप कुमार जैन ने सज्जू खान के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। ट्रांसपोर्ट कारोबारी ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब 7.30 से 8 बजे के बीच वह अपने कार्यालय में था। इसी दौरान सज्जू खान नशे की हालत में वहां पहुंचा। ट्रांसपोर्ट कार्यालय में हंगामा कर कारोबारी के साथ मारपीट कर पांच हजार रुपए लूट लिए और मौके से फरार हो गया।

गायत्री परिवार ने गांधी जयंती पर लिया संकल्प



रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रकोष्ठ रायपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा एक विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ, दावड़ा कॉलोनी परिसर में संपन्न हुआ। युवा प्रकोष्ठ प्रभारी श्री आशीष राय ने बताया कि इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने गायत्री शक्तिपीठ दावड़ा कॉलोनी परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में श्रमदान करते हुए कचरे की सफाई की और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस सेवा कार्य में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आने वाले दिनों में अपने घर, गली, मोहल्ले, परिसर और कार्यस्थलों को निरंतर स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने का दृढ़ संकल्प लिया। मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने यह जानकारी दी।

कवि राही को साहित्य सुधाकर अलंकरण



रायपुर। पालीताणा गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय जैन साहित्य संगम के राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के कवि राजेश जैन राही को उनकी सुदीर्घ साहित्य साधना के लिए 'साहित्य सुधाकर अलंकरण' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संस्था के संरक्षक शांतिलाल कोचर, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित मरडिया, महामंत्री मनोज जैन मनोकामना, दिनेश जैन, जय वोरा मुंबई ने दिया।

गांड़ा समाज को नशामुक्त करने में दें योगदान

रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज ने समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए युवाओं से शराब, तंबाकू एवं अन्य प्रकार के नशे से दूर रहने और शिक्षा, संस्कार तथा सामाजिक उन्नति को जीवन का लक्ष्य बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज के संस्थापक अधिवक्ता भगवानू नायक ने महात्मा गांधी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान तथा सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को स्मरण करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में गांधीजी के योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता। सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन, अनुशासन और सामाजिक सुधार के उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं।

बारिश में फसल खराब होने का असर

सब्जियों के थोक और चिल्हर में खेल, 50 की बरबटी छोटे बाजारों में 120 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सब्जियों में चिल्हर में जमकर लूटी मची हुई है। थोक से चिल्हर में दाम 50 फीसदी तक ज्यादा हैं। कुछ सब्जियों में तो दाम डबल भी हैं। जैसे बरबट्टी थोक में 50 रुपए किलो हैं, चिल्हर में इसके दाम 100 से 120 रुपए है। इसी तरह से दूसरी सब्जियों में दाम 50 फीसदी तक ज्यादा हैं। सब्जियों के दाम ज्यादा होने का कारण बारिश के कारण फसल का खराब होना है। इस समय लोकल सब्जियों की आवक 30 से 40 फीसदी है। 50 से 60 फीसदी सब्जियां बाहर से आ रही हैं।

हरिभूमि सरोकार

बारिश के कारण कई सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। इसी के साथ चिल्हर में ज्यादा लूट की वजह से ग्राहकों को ज्यादा नुकसान हो रहा है। वैसे भी चिल्हर में हमेशा से ज्यादा लूट रहती है। धनिया के दाम बढ़ते-बढ़ते 90 से 100 रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम 40 रुपए पाव के हिसाब से 160 रुपए हैं। अदरक के दाम अब कम हो गए हैं। थोक में इसके दाम 60 से 70 रुपए और चिल्हर 120 रुपए हैं।

50 से 60 फीसदी सब्जियां दूसरे राज्यों से आ रही हैं



कुछ सब्जियां सस्ती

इस समय सस्ती सब्जियों में कद्दू थोक में 8 से 10 रुपए और चिल्हर में 20 से 30 रुपए किलो है। कुदरू थोक में 30 से 35 और चिल्हर में 50 से 60 रुपए, फूल गोभी थोक में 40 रुपए और चिल्हर में 50 से 60 रुपए, पत्ता गोभी थोक में 20 से 25 रुपए रुपए और चिल्हर में 40 रुपए, लौकी थोक में 15 से 20 से और चिल्हर में 30 से 40 रुपए किलो बिक रही है। खीरा थोक में 25 रुपए और चिल्हर में 40 से 60 रुपए हैं। हरी मिर्च थोक में 30 से 50 और चिल्हर में 80 रुपए किलो है। टमाटर थोक में 25 से 30 रुपए और चिल्हर में 30 से 40 रुपए किलो है।

कुछ सब्जियां महंगी कुछ सस्ती

कई सब्जियों के दाम इस समय ज्यादा है। कई सब्जियों के दाम कम भी हैं। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो इसके दाम अलग-अलग मंडी में अलग-अलग लिया जाते हैं।

टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक सब्जी मंडी

ये सब्जियां महंगी

इस समय कई सब्जियां महंगी हो गई हैं। खेक्सी की बारिश के मौसम में अच्छी डिमांड रहती है। थोक में इसके दाम 100 से 120 रुपए है, जबकि चिल्हर में यह 50 रुपए पाव है। सेमी की भी नई फसल आई है। इसके दाम थोक में 60 से 80 और चिल्हर में 120 रुपए हैं। बरबट्टी के दाम पितृपक्ष के कारण बढ़े हैं। इसके दाम थोक में 40 से 50 रुपए हैं, जबकि चिल्हर में 30 रुपए पाव और आधा किलो के 50 रुपए लिए जा रहे हैं। भिंडी के दाम थोक में 60 से 70 और चिल्हर में 80 से 100 रुपए किलो है। परवल के दाम थोक में 40 से 50 और चिल्हर में 80 रुपए, मुनगा थोक में ही 80 रुपए है, चिल्हर में यह 30 रुपए पाव बिक रहा है। करेला थोक में 40 से 50 और चिल्हर में 80 रुपए, गंवार फल्ली थोक में 45 से 50 और चिल्हर में 80 रुपए किलो, ढेस थोक में 70 से 80 और चिल्हर मे 120 रुपए किलो है। हरा मटर नया आया है। थोक में इसके दाम 90 से 100 रुपए और चिल्हर मे 120 रुपए हैं।

कार्यशाला में 70 डीएसपी, एसआई शामिल हुए

नारकोटिक्स के वित्तीय नेटवर्क तोड़ने पुलिस की कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नारकोटिक्स प्रकरण में केवल आरोपियों तक पहुंचने के बजाय नशे के अवैध कारोबार से जुड़े पूरे वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करने के उद्देश्य से पीएचक्यू में नारकोटिक्स प्रकरणों की फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन पर बुधवार को एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेशभर से उप पुलिस अधीक्षक से सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के 70 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। डीजीपी अरुण देव गौतम के निर्देशन एवं एडीजीपी अमित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए एडीजीपी, नारकोटिक्स अमित कुमार ने कहा कि नारकोटिक्स के मामलों में अपराधियों को सजा दिलाने के साथ ही उनके द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की पहचान और जब्ती कर वित्तीय नेटवर्क को तोड़ना आवश्यक है। इसके लिए प्रभावी और व्यापक विवेचना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ कहां से आ रहा है, कौन इसकी आपूर्ति कर रहा है और इसे किस तक पहुंचाया जा रहा है, इन सभी पहलुओं पर फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंक स्थापित करते हुए वित्तीय जांच की जानी चाहिए। इससे नशे के कारोबार से जुड़े वित्तीय नेटवर्क की पहचान कर उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सकती है।

आय के स्त्रोत की जानकारी जुटाई जा सकती है

कार्यशाला के प्रथम सत्र में इनकम टैक्स इन्वेस्टिगेशन विंग, रायपुर के डिप्टी डायरेक्टर प्रकाश चंद्र चौहान ने विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि वित्तीय जांच के माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि नशे के अवैध कारोबार में अवैध धन कहां से आ रहा है और उसे कहां निवेश किया जा रहा है। द्वितीय सत्र में नेशनल एकेडमी ऑफ कस्टम्स, इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड नारकोटिक्स, रायपुर के एडिशनल असिस्टेंट डायरेक्टर सलमान इम्तियाज हुसैनी ने जीएसटी के विश्लेषण के माध्यम से अवैध धन और उससे जुड़े वित्तीय लेन-देन का पता लगाने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

फिल्मसिटी में भीतर पौधारोपण बाहर विरोध में नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गांधी जयंती पर नवा रायपुर की प्रस्तावित चित्रोत्पला फिल्मसिटी में शुक्रवार को एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। एक तरफ छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी हाथों में पौधे और कुदाल लेकर परिसर को हरा-भरा बनाने में जुटे रहे, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग पौधारोपण का विरोध करते रहे। दिनभर चले अभियान में फिल्मसिटी की जमीन पर करीब 1000 पौधे लगाए गए। खास बात ये रही कि पौधारोपण केवल प्रतीकात्मक कार्यक्रम बनकर नहीं रह गया। बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी खुद मैदान में उतरे, पौधे लगाए और स्थल का निरीक्षण भी किया। फिल्मसिटी के निर्माण को लेकर शासन ने पहले ही स्पष्ट किया था कि विकास कार्य के दौरान यदि किसी स्थान पर आवश्यक रूप से वृक्ष हटाने पड़ते हैं तो उसकी भरपाई बड़े स्तर पर पौधारोपण और हरित क्षेत्र विकसित करके की जाएगी। गांधी जयंती के दिन शुरू हुआ यह अभियान उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा बताया जा रहा है। बोर्ड का कहना है कि फिल्मसिटी को केवल शूटिंग और फिल्म निर्माण के आधुनिक केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि बड़े हरित परिसर के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

- अधिकारी-कर्मचारी खुद उतरे मैदान में, विरोध के बीच दिया हरियाली का संदेश



पौधों की सिंचाई सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक सौमिल रंजन चौबे ने कहा कि फिल्मसिटी का विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ किया जाना है। हमारे अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वयं करीब एक हजार पौधे लगाए हैं। फिल्मसिटी भी बनेगी और इसका परिसर और अधिक हरा-भरा भी होगा। टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल की व्यवस्था का भी जायजा लिया। पौधों की सिंचाई, सुरक्षा और सर्वाइवल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

नशामुक्त भारत संकल्प पदयात्रा में राज्यपाल हुए शामिल



रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नशामुक्त भारत के संकल्प के साथ पदयात्रा आयोजित की गई। राज्यपाल रमेन डेका पदयात्रा में शामिल हुए और नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। राज्यपाल श्री डेका ने टाउन हॉल परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने टाउन हॉल से शुरू हुई पदयात्रा में सहभागिता की। पदयात्रा के दौरान भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। टाउन हॉल रायपुर से प्रारंभ होकर पदयात्रा अंबेडकर चौक पहुंची, जहां राज्यपाल श्री डेका ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता और जनजागरूकता को महत्वपूर्ण बताया।पदयात्रा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी सहित बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, विद्यार्थी और शहर के नागरिक शामिल हुए।

फेसबुक पर विज्ञापन देख दिया था एजेंसी के लिए आवेदन

पंजीयन एवं सुरक्षा राशि के नाम पर रकम जमा कराई

एमजी मोटर्स की एजेंसी दिलाने का झांसा, 21.45 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिविल कांट्रेक्टर को अज्ञात जालसाजों ने एमजी मोटर्स की एजेंसी दिलाने का झांसा देकर 21.45 लाख रुपए की ठगी की है। जालसाजों ने कांट्रेक्टर को फेसबुक विज्ञापन के माध्यम से जाल में फंसाकर ठगी को अंजाम दिया है। जालसाजों ने पंजीयन तथा सुरक्षा राशि के नाम पर रकम जमा कराकर कांट्रेक्टर को ठगी का शिकार बनाया। ठगी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत डीडीनगर थाने में दर्ज कराई है।

रायपुरा, अग्रोहा सोसायटी निवासी मनोज कुमार सिन्हा ने थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 27 जुलाई 2026 को फेसबुक पर एमजी मोटर्स की ओर से रायपुर में शोरूम खोलने संबंधी विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में इच्छुक लोगों से एक लिंक के माध्यम से बायोडाटा भरने के लिए कहा गया था। उन्होंने ऑनलाइन फार्म में अपनी जानकारी भर दी। अगले दिन एक महिला ने फोन कर खुद को एमजी मोटर्स का कर्मचारी बताया और रायपुर में एजेंसी के लिए किए गए आवेदन के संबंध में जानकारी ली। महिला ने शोरूम के लिए प्रस्तावित जमीन के फोटो मांगे। इसके लिए कांट्रेक्टर ने दो ई-मेल आइडी भी दीं। शिकायतकर्ता ने जमीन के फोटो भेज दिए।

महिला ने शोरूम बनाने में करीब एक साल लगने की बात कहते हुए किराये पर जगह लेने की सलाह दी।



एडवांस मांगने पर हुआ संदेह

पंजीयन तथा सुरक्षा राशि जमा होने के बाद आरोपियों ने मनोज को 12 एमजी कार भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए 12 गाड़ियों की कीमत की 20 प्रतिशत रकम एडवांस में जमा करने के लिए कहा। इस पर मनोज को संदेह हुआ। उन्होंने कंपनी से इसकी वास्तविकता की पुष्टि करने का फैसला किया। 30 सितंबर को मनोज एमजी मोटर्स के गुरुग्राम स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय पहुंचा। वहां उन्होंने उन मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने का प्रयास किया, जिनसे लगातार बातचीत हो रही थी, लेकिन तीनों नंबर बंद मिले। कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि उन नंबरों के धारक एमजी मोटर्स इंडिया में काम नहीं करते।

आर्थोडॉन्टिक तकनीक और सर्जरी से हुआ सफल उपचार

संकुचन के कारण बाहर नहीं आ रहे थे दांत, नौ साल की बच्ची की सरकारी अस्पताल ने लौटाई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पर्याप्त स्थान नहीं मिलने की वजह से सामान्य तरीके नहीं बाहर नहीं आ रहे दांतों का इलाज कर सरकारी अस्पताल ने 9 साल की बच्ची की मुस्कान लौटाई। आर्थोडॉन्टिक तकनीक और सर्जिकल प्रक्रिया पूरी कर बच्ची का सफल उपचार किया गया। दांत को धीरे-धीरे सामान्य दंत-पंक्ति में लाया गया, जिससे बच्ची की मुस्कान और दांतों की कार्यात्मक स्थिति में सुधार हुआ।

प्रदेश के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में इस बच्ची को सामने के ऊपरी हिस्से वाले दांत के सामान्य समय पर नहीं निकलने की शिकायत के बाद रेफर किया गया था। चिकित्सकीय और रेडियोग्राफिक जांच में पता चला कि स्थायी अग्र दांत ऊपरी जबड़े में प्रभावित था और पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण सामान्य रूप से बाहर नहीं आ पा रहा था। हास्पिटल के दंत विशेषज्ञों ने उपचार की योजना बनाकर पहले दांत के लिए आवश्यक स्थान तैयार किया। इसके लिए सर्जिकल रैपिड मक्सलरी एक्सपेंशन (एसएमई) की मदद से ऊपरी जबड़े में पर्याप्त जगह बनाई गई। इसके बाद प्रभावित दांत का सर्जिकल एक्सपोजर कर उस पर ऑर्थोडॉन्टिक अटैचमेंट लगाया गया।



मसूड़े में फंसा रह जाता है दांत

दंत चिकित्सकों ने बताया कि जब कोई स्थायी दांत अपने सामान्य समय पर मुखगुहा में नहीं निकल पाता और हड्डी या मसूड़े के भीतर फंसा रह जाता है तो उसे प्रभावित दांत कहा जाता है। इसके प्रमुख कारणों में दांत के लिए पर्याप्त जगह का न होना, दांत की असामान्य स्थिति और उसके निकलने के रास्ते में रुकावट शामिल हो सकती है। बच्चों में ऊपरी अग्र दांत के प्रभावित होने पर समय पर जांच और उपचार महत्वपूर्ण होता है।

लगातार बढ़ रहे मरीज

एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में अपनी समस्या लेकर आने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अस्पताल में होने वाली नियमित ओपीडी में तीन से चार सौ मरीज अपनी समस्या लेकर इलाज के लिए पहुंचते हैं। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विरेंद्र वाढेर ने बताया कि मरीजों का आवश्यकता के अनुसार इलाज किया जाता है। खानपान में बदलाव की वजह से दांतों की समस्या लगातार बढ़ रही है।



हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



लाइव इवेंट

इंटरनेशनल ट्रेड लॉ समिट में डब्ल्यूटीओ के बदलते स्वरूप पर विशेषज्ञों ने रखे विचार



रायपुर। हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में बुधवार को तीन दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेड लॉ समिट-2026 का शुभारंभ हुआ। समिट का विषय रीइमैजिनिंग मल्टीलैटरलिज्म इन इंटरनेशनल ट्रेड लॉ रखा गया है। इसमें अकादमिक जगत, नीति-निर्माता, विधि विशेषज्ञ, शोधकर्ता और विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। समिट का आयोजन एचएनएलयू के स्कूल फॉर लॉ एंड टेक्नोलॉजी और सेंटर फॉर बडलू टी ओर एंड डब्ल्यूआईपीओ स्टडीज द्वारा अकादमिक एवं संस्थागत सहयोगियों के साथ किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में एचएनएलयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) वी. सी. विवेकानंदन ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के डायरेक्टर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड एविएशन प्रभात मलिक और विशिष्ट अतिथि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड, नई दिल्ली के प्रो. (डॉ.) जेम्स जे. नेडुमपारा उपस्थित रहे।

व्यापार केवल आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है

कुलपति ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में व्यापार केवल वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में सहयोग को बढ़ावा देने में भी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने डिजिटल ट्रेड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यावरणीय उपायों और ग्लोबल वैल्यू चेन्स से जुड़ी नई चुनौतियों का उल्लेख किया। प्रो. नेडुमपारा ने कहा कि व्यापार को मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण, स्थिरता और श्रम परिस्थितियों जैसे व्यापक मुद्दों से अलग करके नहीं देखा जा सकता। उन्होंने डब्ल्यूटीपीओ के नियमों में बदलती परिस्थितियों के अनुरूप सुधार और उसकी न्यायिक व्यवस्था को बनाए रखने की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि प्रभात मलिक ने कहा कि वैश्विक व्यापार नियमों का प्रभाव राज्यों, उद्योगों, कारोबार और नागरिकों पर पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को छत्तीसगढ़ के दृष्टिकोण से समझने का आह्वान किया।

सिटी इवेंट

स्वदेशी बाजार में सजाए 85 से अधिक स्टॉल, हुनर को मिला मंच



रायपुर। गांधी जयंती के अवसर पर श्री लोहाणा महापरिषद विमेंस विंग, जोन-13 के तत्वावधान में दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से स्वदेशी हाट एवं आत्मनिर्भर भारत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उद्यमिता, स्थानीय हुनर और स्वदेशी उत्पादों को मंच उपलब्ध कराना रहा। आयोजन में 85 से अधिक स्टॉल लगाए गए, जिनमें महिलाओं द्वारा संचालित विभिन्न व्यवसायों के उत्पाद प्रदर्शित किए गए। मेले में खाद्य एवं पेय पदार्थों के साथ गृह उद्योगों से जुड़े उत्पाद, हस्तनिर्मित वस्तुएं और विभिन्न स्वदेशी सामग्री के स्टॉल लगाए गए। महिलाओं ने अपने हुनर से तैयार उत्पादों को लोगों के सामने रखा। दीपावली और नवरात्रि से जुड़ी सामग्री के साथ हस्तशिल्प और घरेलू उपयोग की वस्तुएं भी स्टॉल पर देखने को मिलीं। बड़ी संख्या में लोगों ने आयोजन में पहुंचकर स्टॉलों का अवलोकन किया और प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।



आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश

कार्यक्रम में रायपुर सिटी नॉर्थ विधायक पुरंदर मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री लोहाणा महापरिषद के ट्रस्टी किशन मिरानी, जोन-13 के चेयरमैन एवं मानव रचना एजुकेशन सोसाइटी के प्रेसिडेंट प्रकाश दावड़ा, विमेंस विंग जोन-13 की प्रेसिडेंट एवं दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन प्रगति मिरानी सहित संस्था के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। आयोजन समिति ने कहा कि महिलाओं को केवल परिवार तक सीमित न रखकर उनके हुनर और व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने उत्पादों को नए ग्राहकों तक पहुंचाने और व्यवसाय को विस्तार देने का मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में गांधीजी के स्वदेशी और स्वावलंबन के विचारों को भी केंद्र में रखा गया। स्थानीय को अपनाएं, स्थानीय को बढ़ाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें का संदेश दिया गया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से विमेंस विंग के पदाधिकारी एवं सदस्य भी आयोजन में शामिल हुए।

● गांधी जयंती पर प्रदेश स्तरीय खादी सम्मेलन एवं स्वदेशी प्रदर्शनी का आयोजन

'अहिंसा की ओर' नाटक में दिखी हिंसा से मुक्त आदिवासी अंचल की झलक, भावुक हो उठे दर्शक

पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रदेश स्तरीय खादी सम्मेलन एंव स्वदेशी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड और ग्रामोद्योग विभाग द्वारा आयोजित समारोह के मंच से जनजातीय कलाकारों ने अहिंसा की ओर नाटक की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति दी। नाटक में हिंसा से मुक्त आदिवासी अंचल की झलक देख दर्शक भावुक हो उठे। नाट्य निर्देशक सौरभ अनंत के निर्देशन में प्रस्तुत भावपूर्ण नाटक में आदिवासी अंचल में नक्सली हिंसा, फिर अहिंसा के मार्ग पर लौटे भटके हुए जनजातिय नागरिकों और क्षेत्र में बह रही विकास की बयार को जीवंत किया गया।







रायपुर। कोरबा, जशपुर, सुकमा से पहुंचे कलाकारों ने नक्सली हिंसा और उसकी पीड़ा के बाद गांधी जी की विचारों को अपना सत्य-अहिंसा की ओर बढ़ रहे जनजातीय समाज को नाटक के मंच पर चित्रार्थ किया। इस आयोजन में प्रदेश भर से खादी तथा ग्रामोद्योग से जुड़े शिल्पकार एवं स्व सहायता समूहों की महिला सदस्य शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामोद्योग एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने की। मंत्री श्री यादव ने वोकल फॉर लोकल' संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में निर्मित वस्तुओं की खरीद से स्थानीय कारीगरों, बुनकरों, उत्पादकों और व्यापारियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने महात्मा गांधी के स्वदेशी विचारों का उल्लेख करते हुए खादी और स्थानीय उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया।

मलबारी सफेद कोसा से बनी साड़ी की विदेशों में डिमांड

खादी एवं ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी में रेशम प्रभाग के द्वारा मलबरी सफेद, पीला और रंगीन कोसा और उसके रेशम का प्रदर्शन किया गया। रेशम प्रभाग रायपुर के सहायक प्रबंधक नरेंद्र कुमार और मलबारी कोसा उत्पादन के ट्रेनर अरविंद मसराम ने बताया कि वर्तमान में रेशम प्रभाग में मलबारी कोसा उत्पादन में नवाचार किया जा रहा है। इसके रेशम से बनी साड़ियों की कीमत 1 लाख से अधिक होती है और विदेशों में इसकी सबसे अधिक डिमांड है। छत्तीसगढ़ में उत्पादित किए जा रहे मलबरी कोसा का कर्नाटक, महाराष्ट्र में मांग हो रही है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा, 'प्रयास' पत्रिका और 'तारुण्य वार्ता' का विमोचन



रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की ओर से बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा में राज्य स्तरीय सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता राज्यसभा सांसद एवं संस्था की प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने की। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री यादव ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की पत्रिका 'प्रयास' तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स और यूनिसेफ द्वारा तैयार पुस्तक 'तारुण्य वार्ता' (मासिक धर्म पर खुलकर चर्चा) का विमोचन किया। उन्होंने संस्था की नवीन वेबसाइट का लोकार्पण भी किया। इस दौरान विभिन्न जिलों के स्काउट्स एवं गाइड्स को सम्मानित किया गया।

भाईचारे को मजबूत करने का संदेश

शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचार तथा शास्त्रीजी की सादगी और कर्तव्यनिष्ठा आज भी मार्गदर्शन देते हैं। सर्वधर्म प्रार्थना सभा सभी आस्थाओं के सम्मान और समाज में प्रेम व भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स से जुड़े बच्चे सेवा, अनुशासन और सहयोग की भावना अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड का उद्देश्य केवल नियम और प्रतिज्ञाओं का पालन करना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन में उतारना है। प्रत्येक स्काउट और गाइड कम से कम एक पौधा लगाए और उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाए।



भारत की विविधता उसकी शक्ति

राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि भारत की विविधता उसकी शक्ति है। विभिन्न आस्थाओं और परंपराओं के प्रति सम्मान सामाजिक सद्भाव और एकता का आधार है। कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के विचारों का स्मरण करते हुए शांति, प्रेम, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा समेत विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्ष, विधायक और अन्य अतिथि उपस्थित रहे।



कपास से तैयार की मॉडर्न फैशन आउटफिट

एनआईएफ गोलबल फैशन डिजाइनिंग इंस्टिट्यूट की प्रोफेसर कनक गोदवानी ने बताया कि उनके इंस्टीट्यूट के छात्राओं ने कपास से मॉडर्न गाउन ड्रेस तैयार किया है। स्वदेशी फैशन से यूथ को जोड़ने के लिए इंस्टीट्यूट में कपास से बने फेब्रिक्स से बेस्ट क्वालिटी के मॉडर्न फैशन आउटफीट तैयार किया जा रहा है। समारोह के प्रदर्शनी में कपास थीम पर मॉडर्न फैशन आउटफिट की प्रदर्शनी किया गया है।



बुनकरों एवं शिल्पकारों का हुआ सम्मान

ग्रामोद्योग एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने समारोह के मंच से खादी तथा ग्रामोद्योग से जुड़े उत्कृष्ट शिल्पकारों, बुनकारों को उनके योगदान एवं प्रतिभा के लिए सम्मानित किया। इस आयोजन में प्रदेश भर से खादी तथा ग्रामोद्योग से जुड़े शिल्पकार एवं स्व सहायता समूहों की महिला सदस्य शामिल हुई। कार्यक्रम में खादी तथा ग्रामोद्योग से महिला स्वसहायता समूहों को भी सम्मानित किया गया। कोरबा जिले से पहुंचे माटी कला के युवा शिल्पकार मदन प्रजापति ने बताया कि वह पारंपरिक माटी कला से जुड़कर आधुनिक यंत्रों के माध्यम से नए जमाने के पसंद की मिट्टी के आकर्षक बर्तन तैयार करते हैं। इसके साथ ही मूर्तियां व होम डेकारेशन के कलाकृतियां भी बना रहे हैं।

शहर में गांधी जयंती की धूम, सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का जन-जन ने लिया संकल्प

शहर में गांधी जयंती उत्साह और सेवा संकल्प के साथ मनाया गया। सरकारी विभागों से लेकर सामाजिक संस्थानों, जनप्रतिनिधियों, आम नगरिकों ने गांधी जी के विचारों को आत्मसात करते हुए सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संकल्प लिया। गांधी जयंती को लेकर लोगों में सेवा परमोधर्मा की भावन देखने को मिली। शहर के सड़क, स्कूल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार-हाट, नदी तालाबों, उद्यानों पर साफ सफाई कर सेवा संकल्प को पूरा किया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी स्कूल, कॉलेजों और संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस तरह से पूरा शहर गांधी जी की विचार सत्य, अहिंसा, सेवा, एकता की भाव में सराबोर दिखा।

रेलयात्रियों को नुक्कड़ नाटक से विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश



गांधी जयंती के अवसर पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक एक पर स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्र नगर विद्यालय के विद्यार्थी कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय, संवाद और संदेशों के माध्यम से स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

युवा प्रकोष्ठ ने गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता अभियान



महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रकोष्ठ द्वारा विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया। युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष राय ने बताया कि यह कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ दावड़ा कॉलोनी परिसर में पूरी तल्लीनता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

सरयूपारीण ब्राह्मण सभा ने स्वच्छता से जगाई सेवा की भाव



सरयूपारीण ब्राह्मण सभा ने गांधी एवं शास्त्री जयंती पर स्वच्छता कार्यक्रम का अभियान चलाया। इस अवसर पर सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला ने बताया कि गांधी, शास्त्री जी की जीवन हमें सेवा संकल्प की प्रेरणा देता है। गांधी, शास्त्री जी की जयंती पर सभा के सभी सदस्यों ने भवन के बाहर सफाई कर सेवा का भाव प्रस्तुत किया।

अवाम ए हिन्द ने स्वच्छता एवं नशामुक्ति का दिया संदेश



गांधी जयंती के अवसर पर संस्था अवाम ए हिन्द ने स्वच्छता एवं नशामुक्ति अभियान चलाया। संस्था ने स्वच्छता के महत्व और नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक किया। अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी के संस्थापक मोहम्मद सज्जाद खान के आह्वान में स्थानीय रामनगर एवं आसपास क्षेत्रों में, मोहल्ले बस्तियों, अस्पताल इत्यादि जगहों पर स्वच्छता जागरण अभियान के साथ नशामुक्ति अभियान चलाया गया।

बाल आश्रम में गांधीजी एवं शास्त्रीजी की जंयती मनाई

कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम में गांधी जी एवं शास्त्री जी की जंयती मनाई गई। बाल आश्रम ग्राम सेवा समिति डागा कालेज एवं राष्ट्रीय विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि गांधी जी ने अंहिसा मार्ग अपनाकर अपने जीवन को सुदृढ बनाए की प्रेरणा दी है।



विद्यार्थियों ने दिया सत्य अहिंसा एवं स्वच्छता का संदेश

सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय में गांधी एवं शास्त्री जयंती पर कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक एवं देशभक्ति से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं देशभक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं के माध्यम से महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।



लाइव इवेंट

फ्रीमेंशन हॉल में आज से होगा विशेष महासभा का आयोजन



रायपुर। क्षेत्रीय ग्रैंड लॉज ऑफ वेस्टर्न इंडिया के तत्वावधान में 3 और 4 अक्टूबर को एक विशेष महासभा का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि रायपुर के सिविल लाइंस में ऐतिहासिक फ्रीमेसन हॉल (छत्तीसगढ़ लॉज संख्या 85) स्थित है, लेकिन इस बार महासभा के बड़े स्वरूप और अतिथियों की संख्या को देखते हुए इस विशेष महासभा का आयोजन होटल सयाजी में निर्धारित किया गया है। जिसे फ्रीमेसंस ऑफ रायपुर द्वारा होस्ट किया जा रहा है। यह जानकारी शुक्रवार की शाम सिविल लाइन स्थित फ्रीमेंशन हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रमुख अतिथि और नेतृत्व करने के लिए आए एम. डब्ल्यू. ब्रो. जीके. सेल्वाराजन ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था इससे पहले साइलेंट मोड पर काम करती थी। लेकिन पहली बार महासभा को लेकर वार्ता का आयोजन किया जा रहा है, ताकि गतिविधियों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा सके।

डोनेट किए पांच गिजर, किया वादा

आर. डब्ल्यू. ब्रो. सुभाष लक्ष्मण सराफ, क्षेत्रीय ग्रैंड लॉज ऑफ वेस्टर्न इंडिया के रीजनल ग्रैंड मास्टर ने भी महासभा के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष महासभा में मुख्य रूप से ग्रैंड लॉज ऑफ इंडिया के ग्रैंड मास्टर शिरकत कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पश्चिमी भारत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न लॉज के सदस्य और पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इसका उद्देश्य व गतिविधियां फ्रीमेसनरी संस्था के सिद्धांतों जैसे बंधुत्व, समाज सेवा, नैतिक मूल्य को बढ़ावा देने के लिए आगामी कार्य योजनाओं और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। वार्ता में महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित छात्रावास में रहने वाली छात्राओं की सुविधा के लिए पांच गिजर डोनेट किया गया।

सिटी लाइव

अभिभावकों को बच्चों की देखभाल और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



रायपुर। अवंती विहार स्थित विजय नगर प्राथमिक शाला में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक शिक्षा और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से अभिभावकों और माताओं को बच्चों की उचित देखभाल, कुपोषण की रोकथाम, टीकाकरण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर विधायक साहू ने आंगनबाड़ी सहायिकाओं को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, स्वस्थ शिशु स्पर्धा में चयनित छात्राओं को खिलौने भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार राठी ने किया। शाला की प्राचार्या चंद्रिका ध्रुव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर वंदना तिवारी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, मंडल अध्यक्ष भीमवंत निषाद, जितेंद्र नाग, संजय शाह, रामलाल साहू सहित जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

लाइव इवेंट

हजरत सैय्यद शेर अली का 45वां सालाना उर्स 5 से, तैयारियां जोरों पर

रायपुर। कुतुबे छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश बंजारी वाले बाबा के नाम से मशहूर सूफी संत हजरत सैय्यद शेर अली आगा र.अ. का 45 वां सालाना उर्स पाक आगामी 5 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक शानो शौकत के साथ मनाया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा 7 दिवसीय सालाना उर्स की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। सज्जादा नशीन मो. ईशराक़ रिज्वी अशरफी ने बताया के हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैय्यद शेर अली आगा के 7 दिवसीय 45वां सालाना उर्स पाक बड़े ही अकीदत और शानो शौकत के साथ मनाया जा रहा है। ट्रस्ट से जुड़े सभी मेम्बर तमाम उर्स की तैयारियों में जुटे हुए हैं। सालाना उर्स का आगाज 5 अक्टूबर को बाद नमाजे असर शाही संदल व चादर शरीफ बरमकान सज्जादा नशीन हजरत मो. नईम रिज्वी अशरफी बांसटाल रायपुर से निकलकर आस्तांन ए आलिया पहुंचेगा। जहां परचम कुशाई व चादर पोशी की रस्म अदा की जाएगी व महफिले सिमा होगी।

आली जनाब इन्टरनेशनल कव्वाल सदाकत शाबरी की प्रस्तुति

आली जनाब इन्टरनेशनल कव्वाल सदाकत शाबरी, कपासन राजस्थान, रोड शो व महफिले सिमा रात 9 बजे अपना कलाम पेश करेंगे। 6 अक्टूबर को ऑल इंडिया नातिया मुशायरा रात 9 बजे, 7 अक्टूबर रात 9 बजे से तकरीर खिताबे खुसुसी हजरत अल्लाम व मौलाना मो. अहमद नक्शबंदी साहब किब्ला, हैदराबाद व हजरत अल्लाम व मौलाना मुफ्ती मो. इसरार अली आगा जामई साहब किब्ला रायपुर, 8 अक्टुबर रात 9 बजे शहंशाहे खिताबत हजरत सैय्यद मो. महमुद अशरफ साहब किब्ला अशरफी उल जिलानी सज्जादा नशीन किछौछा शरीफ, हजरत अल्लाम व मौलाना सैय्यद अमीनुल कादरी साहब किब्ला, मालेगाव महाराष्ट्र खिताब करेंगे। 9 अक्टुबर छब्बीसवीं शरीफ बड़ा कुल शरीफ सुबह 7 बजकर 35 मिनट में फातीहा कुल शरीफ अदा की जाएगी।

● राजधानी के महादेव घाट, गायत्री शक्तिपीठ में आयोजन की तैयारी, मठ में पितृ पक्ष में तिथि पर किया गया याद

पितृ मोक्ष अमावस्या पर संस्थाएं करेंगी सामूहिक श्राद्ध पिंडदान और भंडारा, कृतज्ञता के लिए करेंगे आयोजन

पितरों के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना से पितृ मोक्ष के लिए लोगों की ओर से घरों-परिवारों में परंपराओं का निर्वहन किया जा रहा है। राजधानी में रहने वाले कई ऐसे भी लोग हैं, जो पितरों के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करने के लिए श्राद्ध व पिंडदान का आयोजन नहीं कर पाते हैं। ऐसे लोगों के लिए गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी में सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तिथि पर सामूहिक श्राद्ध लोग करेंगे। इसके लिए पंजीयन करवाने का क्रम शुरू हो गया है। दूसरी तरफ महिलाओं की एक संस्था द्वारा महादेव घाट में अज्ञात पितरों की शांति के लिए आयोजन की तैयारी है, जबकि पितृ पक्ष में राजेश्री महंत वैष्णव दास जी महाराज को याद किया गया।





रायपुर। आश्विन कृष्ण पक्ष षष्ठी यानी गुरुवार को श्री दूधाधारी मठ रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ के पूर्वाचार्य राजेश्री महंत वैष्णव दास जी महाराज को पितर पक्ष में याद किया गया। इस अवसर पर सुबह की बेला में राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महाराज ने खारुन नदी महादेव घाट में तर्पण करने के बाद मठ पहुंचकर होम, हवन पूजन किया। दोपहर में उन्हें श्री दूधाधारी मठ स्थित स्वामी बलभद्र दास महाराज की समाधि स्थल के पास श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विशेष भोग-भंडारे का आयोजन भी किया गया। इसमें संत महात्माओं, श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी को भोजन करवाने के बाद दक्षिणा देकर विदाई दी गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ट्रस्ट कमेटी के विजय पाली, रामकृष्ण पाली, राजेश अग्रवाल, विनोद मंगल अग्रवाल, रामछबि दास सुरेश शर्मा, गोलू शर्मा, निर्मल दास वैष्णव, डॉ. ममता साहू शामिल हुई। इस दौरान सभी संतों-महंतों और श्रद्धालुओं ने राजेश्री महंत वैष्णव दास जी महाराज के कृतित्व को याद किया।



सामूहिक श्राद्ध-तर्पण अमावस्या पर विशेष आयोजन

गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी में सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन भव्य सामूहिक श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा तैयारियों का सिलसिला शुरू किया गया है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो चुका है। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सैकड़ों परिवार अपने पितरों की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए इस सामूहिक आयोजन में शामिल होंगे। गायत्री परिवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि-विधान से यह आयोजन करवाया जाएगा। इस संबंध में गायत्री ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और व्यवस्था प्रभारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि पितृपक्ष में पितरों के निमित्त किया गया श्राद्ध-तर्पण सीधे पितरों तक पहुंचता है। इसलिए गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा सामूहिक आयोजन किया जाता है। पितृ अमावस्या के दिन गायत्री शक्तिपीठ में प्रातः 9 बजे से सामूहिक पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध पूजन शुरू होगा।

बुनियाद बेटियां अनमोल फाउंडेशन की पहल

विगत कई वर्षों से अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार करने वाली संस्था बुनियाद बेटियां अनमोल फाउंडेशन की ओर से सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तिथि पर 10 अक्टूबर को महादेव घाट तट पर पितरों की शांति के लिए श्राद्ध और पिंडदान का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर फाउंडेशन की प्रमुख डॉ. निम्मी चौबे ने बताया कि इसके लिए तैयारी की जा रही है। पुरोहितों को आयोजन के लिए आमंत्रण दिया गया है। उनके मार्गदर्शन में पूजन विधि करने के बाद पितृ मोक्ष और शांति के लिए लोगों को भोज भी करवाया जाएगा। इसके लिए फाउंडेशन से जुड़ी महिलाओं ने तैयारी शुरू की है। अमवास्या तिथि पर सुबह से दोपहर के बीच सभी नियमों का पालन विधि-विधान से खारून तट पर किया जाएगा।

तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर में गूंजी कथक नृत्य-नाटिका में श्रीराम की गाथा

रायपुर। विश्वप्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर परिसर स्थित प्रतिष्ठित 'नादनीराजनम' मंच पर कथक नृत्य-नाटिका में श्रीराम की गाथा की भक्तिमय प्रस्तुति हुई। मंदिर परिसर में बीते 28 सितंबर की शाम धर्म, कला और भक्ति के अनूठे संगम की साक्षी बनी। जब छत्तीसगढ़ की राजधानी स्थित कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की कला-मंडली ने प्राचार्य डॉ. आरती सिंह के कुशल नेतृत्व में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पावन जीवन चरित्र पर आधारित कथक नृत्य-नाटिका की मनोहारी प्रस्तुति देकर देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं और कला-प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथक के शास्त्रीय स्वरूप, सशक्त अभिनय, मधुर संगीत और भाव-प्रवण भावभंगिमाओं के माध्यम से कलाकारों ने भगवान राम के संपूर्ण जीवन वृत्त को जीवंत कर दिया। यह प्रस्तुति मात्र एक कथा का मंचन नहीं, बल्कि सत्य, त्याग, मर्यादा, कर्तव्य और सदाचार के उन अमर मूल्यों का साक्षात दर्शन थी, जो सदियों से मानव सभ्यता को प्रेरित करते आ रहे हैं। नृत्य-नाटिका की शुरुआत अयोध्या के राजकुमार श्रीराम के पावन जीवन प्रसंगों से हुई। कलाकारों ने अहिल्या उद्धार, जनकपुरी में शिव धनुष भंग और सीता स्वयंवर के उल्लास को कथक की लयबद्ध चाल और चक्करों के साथ खूबसूरती से पेश किया।



विश्वप्रसिद्ध तिरुपति बालाजी मंदिर में कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की कला-मंडली ने दी प्रस्तुति

'रामराज्य' की परिकल्पना को मंच पर किया साकार

कथा के आगे बढ़ने पर वनवास यात्रा के संवेदनशील और मर्मस्पर्शी प्रसंगों-पंचवटी में निवास, माता शबरी की अनन्य भक्ति, स्वर्ण मृग का प्रलोभन, सीता हरण और धर्म की रक्षा में गिद्धराज जटायु के बलिदान को कलाकारों के सधे हुए अभिनय ने अत्यंत मार्मिक बना दिया। अंत में रावण वध, माता सीता की पुनर्प्राप्ति, प्रभु का ससम्मान अयोध्या आगमन और भव्य राज्याभिषेक के साथ न्याय व धर्म पर आधारित 'रामराज्य' की परिकल्पना को मंच पर साकार कर नृत्य-नाटिका का भावपूर्ण समापन हुआ।

मंच पर इन कलाकारों ने बिखेरी कला की आभा

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती सिंह के निर्देशन और मार्गदर्शन में दल के युवा व अनुभवी कलाकारों ने मंच पर अपनी उत्कृष्ट कला का लोहा मनवाया। प्रस्तुति में इशिका गिरी, हरीश वट्टी, सनोवर खान, चिरंजीवी हलधर, नरेंद्र जलक्षत्रिय, खुशी सिंह, दीपिका चतुर्वेदी, उषा शर्मा और शिखा सिन्हा ने प्रमुख भूमिकाएं निभाईं। कलाकारों के बीच का तालमेल, सटीक पदचाप और नवरसों की सजीव प्रस्तुति ने नादनीराजनम मंच पर उपस्थित दर्शकों को खड़े होकर तालियां बजाने पर विवश कर दिया।

मंदिरों, तीर्थों और धार्मिक स्थलों पर परमात्मा की तलाश करते-करते मनुष्य कई बार उस स्थान को भूल जाता है, जहां से उसकी आध्यात्मिक यात्रा वास्तव में शुरू होनी चाहिए। अपने भीतर। जय आनंद मधुकर रतन भवन में चल रहे 44 दिवसीय भक्तांबर संपुष्ट अनुष्ठान की 16वीं गाथा की व्याख्या करते हुए मानव मिलन के संस्थापक एवं नेपाल केसरी राष्ट्रसंत डॉ. मणिभद्र मुनि जी महाराज ने साधकों को इसी अंतर्मुखी साधना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा को पाने के लिए बाहरी भटकाव से अधिक जरूरी अपने भीतर उतरना और स्वयं को पहचानना है।

परमात्मा को पाना है तो पहले अपने भीतर उतरिए मन शांत होगा, तभी सुनाई देगी आत्मा की आवाज

रायपुर। धर्मसभा में मुनिश्री ने साधकों से कहा कि कुछ समय के लिए शांत होकर आंखें बंद करें और ईमानदारी से अपने भीतर झांकें। मनुष्य ने परमात्मा को तीर्थों, मंदिरों, धर्म स्थानकों, पहाड़ों और आकाश तक में खोजा, लेकिन क्या कभी अपने भीतर उसे तलाशने का प्रयास किया? उन्होंने कहा कि मनुष्य जिस परमात्मा की तलाश में जीवनभर बाहर भटकता है, वह उसके भीतर ही विद्यमान है। जरूरत कहीं और जाने की नहीं, बल्कि स्वयं के भीतर उतरने की है।

स्वयं से मिलने का अवसर विपरित परिस्थिति

मुनिश्री ने कहा कि बाहर की दुनिया में भीड़, शोर, इच्छाएं, सपने, तुलना और प्रतियोगिता लगातार मनुष्य का ध्यान अपनी ओर खींचते रहते हैं। यही कारण है कि मन निरंतर बाहर की ओर भागता रहता है। इसके विपरीत भीतर मौन है और व्यक्ति अक्सर इसी मौन से बचता है। लेकिन जब वह कुछ समय के लिए बाहरी शोर से दूर होकर अपने भीतर जाता है, तब उसे अपने वास्तविक अस्तित्व को समझने का अवसर मिलता है। आत्मचिंतन की यही प्रक्रिया आध्यात्मिक यात्रा का पहला कदम बनती है। उन्होंने कहा कि जीवन में दुख और कठिन परिस्थितियों के क्षण भी कई बार व्यक्ति को स्वयं से मिलने का अवसर देते हैं।



भक्ति में डूबे साधक

जय आनंद मधुकर रतन भवन में चल रहे अनुष्ठान में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तांबर की गाथाओं का श्रवण और आराधना कर रहे हैं। भक्ति और साधना के इस वातावरण में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर अनुष्ठान में सहभागी बन रहे हैं। आज की भक्तांबर गाथा का लाभ प्रवीण श्रीमाल परिवार द्वारा लिया गया।

44 दिन चलेगा अनुष्ठान

भक्तांबर संपुष्ट अनुष्ठान का आयोजन लगातार 44 दिनों तक जय आनंद मधुकर रतन भवन, बांधा तालाब, दुर्ग में किया जा रहा है। इस दौरान गाथाओं की व्याख्या के साथ श्रद्धालुओं को साधना, आत्मचिंतन और जीवन को भीतर से बेहतर बनाने का संदेश दिया जा रहा है।



THE SCREW DRIVER

शगुन के सिर्फ

कूपन कोड: SHAGUN11

₹11 रुपये में

ऐप से बुक करें कोई भी सर्विस!

One App, Every Home Need.

Trusted Professionals. At Your Doorstep.

Electrician
Plumber
AC Services
& More



OUR SERVICES

Electrician
Wiring Repairs Switches

Plumber
Leakage Fittings Drainage

AC Repair
Cooling Servicing Gas Refill

Carpenter
Furniture Repair Fittings

Cleaning
Home Deep Sofa

Home Appliances
Repair Installation Servicing



Scan QR For Download The App

GET IT ON Google Play
Download on the App Store

Trusted Professionals | On-Time Service | Transparent Pricing | 24/7 Support

BOOK YOUR SERVICE TODAY

सिटी स्पोर्ट्स

राज्य स्तरीय लैक्रोस प्रतियोगिता में रायगढ़ अव्वल



रायपुर। चौथी राज्य स्तरीय लैक्रॉस प्रतियोगिता का आयोजन एनटीपीसी लारा में 26 से 28 सितम्बर तक सब जूनियर, जूनियर 27 से 29 सितंबर और सीनियर महिला एवं पुरुष वर्ग का 28 से 30 सितंबर तक आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से लैक्रॉस खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी वर्गों में रायगढ़ जिले की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनी। लैक्रॉस एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ के सेक्रेटरी देव अवतार चौधरी ने बताया कि आगरा में अक्टूबर होने वाले ऑल इंडिया चैंपियनशिप के लिये इस स्पर्धा के आधार पर चयन किया जाएगा। अखिल भारतीय स्पर्धा में चयनित खिलाड़ी फ्लोरिडा अमेरिका में होने वाले अंतरराष्ट्रीय लैक्रॉस चैंपियनशिप में भाग में लेंगे।

हेमचंद विश्वविद्यालय के नए खेल निदेशक बने डॉ. नंदेश्वर



दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में डॉ. मुन्ना लाल नंदेश्वर को विवि का नया खेल निदेशक बनाया गया है। उनसे पहले डॉ. दिनेश कुमार नामदेव खेल निदेशक का प्रभार संभाल रहे थे। अब उनके स्थान पर डोंगरगढ़ कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नंदेश्वर को जवाबदारी सौंपी गई है। डॉ. नामदेव विवि अब पाटन कॉलेज में क्रीड़ा अधिकारी का दायित्व संभालेंगे। वहीं डॉ. नंदेश्वर उनके स्थान पर नए खेल निदेशक का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय तिवारी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सशिमं की छात्राओं की उपलब्धि



रायपुर। विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर गंडई (कवर्धा) की छात्राओं ने खेल एवं योग के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाई है। विद्यालय की चार छात्राओं का चयन राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए, जबकि एक छात्रा का चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए प्रेमा जंघेल, योगिता देवांगन, तनिया साहू और लिकेश्वरी साहू का चयन हुआ है। इस राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक होजाई, असम में किया जाएगा। चयनित छात्राएं प्रतियोगिता में गंडई एवं अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसी तरह वहीं विद्यालय की छात्रा संजना जंघेल ने एथलेटिक्स के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है,यह प्रतियोगिता 1 नवंबर से 5 नवंबर तक गाजियाबाद में आयोजित की जाएगी।

एसजीएफआई की राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए नेटबॉल खिलाड़ी तैयार



रायपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परखंदा-धमतरी के 06 छात्रों का चयन नेटबॉल अंडर 19 स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने बताया कि दामोदर, पीयूष कुमार, योगेश कुमार, योगिता, सुशीला यादव, कृतिका कुमार का चयन हुआ है.खेल शिक्षक गोपाल कुमार साहू ने बताया की उक्त स्पर्धा 03 से 07 अक्टूबर तक आयोजित होंगी। इस अवसर पर शाला विकास समिति का अध्यक्ष रमन साहू, उपाध्यक्ष टेक राम साहू, ग्राम के सरपंच माधुरी मोहित साहू , जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकरी शकीला देवदास, खेल अधिकारी जगतपति देव साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार बैस, बी.आर.सी.सी. कुलेश्वर सिन्हा, संकुल सनमयक टोमन लाल ध्रुव, व्यायाम शिक्षक गोपाल कुमार साहू ने बधाई दी है।

बारिश की विदाई और ठंड के आगमन पर संक्रामक बीमारियों का रहता है खतरा, उठाएं जरूरी कदम

इस बदलते मौसम में रखें अपना और अपनों का ध्यान, सावधानी बरतने से सेहत भी रहेगी बेहतर

सितंबर को पीछे छोड़ अक्टूबर के महीने ने अपना सफर शुरू कर दिया है। ऐसे में मौसम ने भी करवटें बदलनी शुरू कर दी है। अगर आप अपना ध्यान रखना चाहते हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखना शुरू कर दें। अक्टूबर का महीना शुरू होते ही मौसम में बदलाव महसूस होने लगा है। दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंडक के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव लोगों की सेहत को प्रभावित कर सकता है। बदलते मौसम में कई लोगों को सर्दी-जुकाम, खांसी, गले में खराश, एलर्जी और थकान जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से किसी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे लोगों को इस दौरान अपनी सेहत को लेकर ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत होती है। अगर आप भी बदलते मौसम में बार-बार बीमार पड़ते हैं, तो कुछ छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर अपनी सेहत का बेहतर ध्यान रख सकते हैं। आइए जानते हैं मौसम बदलने पर किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। बदलते मौसम में इन बातों का रखें ध्यान रखना चाहिए।

पर्याप्त पानी पिएं

मौसम थोड़ा ठंडा होने पर प्यास कम महसूस हो सकती है,



लेकिन शरीर को पर्याप्त तरल पदार्थ की जरूरत बनी रहती है। इसलिए दिनभर पर्याप्त पानी पीते रहें।

खान-पान का रखें ध्यान



इस मौसम में ताजे फल, सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और प्रोटीन से भरपूर संतुलित आहार लें। बहुत ज्यादा तला-भुना और अत्यधिक मीठा खाना सीमित करना बेहतर है।

कपड़ों का रखें ध्यान

सुबह और रात के समय तापमान कम हो सकता है, जबकि दिन में गर्मी महसूस हो सकती है। ऐसे में मौसम के अनुसार कपड़े पहनें और जरूरत पड़ने पर हल्के गर्म कपड़े साथ रखें।

नींद पूरी करें

बदलते मौसम में शरीर को आराम देना जरूरी है। रोज पर्याप्त नींद लेने की कोशिश करें और सोने-जागने का समय नियमित रखें।

एलर्जी से बचें

धूल, धुआं और परागकण कुछ लोगों में एलर्जी की समस्या बढ़ा सकते हैं। अगर आपको एलर्जी की शिकायत रहती है, तो ऐसे वातावरण से बचने की कोशिश करें।

घर की साफ-सफाई रखें

घर में धूल जमा न होने दें। बिस्तर, पर्दे और कालीन



आदि की नियमित सफाई करें, खासकर अगर घर में किसी को धूल से एलर्जी है।

हाथों की सफाई का ध्यान रखें

मौसमी संक्रमण से बचने के लिए नियमित रूप से हाथ धोना जरूरी है। खासकर खाना खाने से पहले और बाहर से घर लौटने के बाद हाथ अच्छी तरह साफ करें।

किन लोगों को ज्यादा सावधान रहना चाहिए?

बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और अस्थमा या अन्य सांस संबंधी समस्याओं वाले लोगों को मौसम बदलने के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। अगर लगातार तेज बुखार, सांस लेने में परेशानी, सीने में दर्द या अन्य गंभीर लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर से सलाह लें।



दफ्तर में कभी न करें ऐसा काम जिससे बिगड़ जाए आपकी छवि

दफ्तर में लगभग 8 से 9 घंटे व्यय करते हैं। इस दौरान दफ्तर के अंदर आपकी एक अलग लाइफस्टाइल बन जाती है। इस दौरान आपका प्रोफेशनल बर्ताव बॉस समेत सहकर्मियों को भी प्रभावित करता है। इसका असर आपके कामकाज और तरक्की पर भी होता है।

दफ्तर में आपका व्यवहार और काम करने का तरीका आपकी छवि को बनाता और बिगाड़ता है। एक सकारात्मक छवि न केवल सहकर्मियों और बॉस पर अच्छा प्रभाव डालती है, बल्कि आपके करियर को भी आगे बढ़ाने में मदद करती है। वहीं, कुछ गलतियां आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती हैं और आपकी छवि को खराब कर सकती हैं। दफ्तर में आपका हर काम और व्यवहार आपकी छवि का प्रतिबिंब होता है। इसलिए, प्रोफेशनल माहौल में अनुशासन, ईमानदारी और सकारात्मकता बनाए रखना बेहद जरूरी है। याद रखें, एक अच्छी छवि आपके करियर की सफलता की कुंजी है। इस लेख में हम उन आदतों और कामों पर चर्चा की जा रही है,जिन्हें दफ्तर में करने से बचना चाहिए।

समय पर दफ्तर न पहुंचना

दफ्तर पहुंचने में रोज ही देर करते हैं तो इससे आपकी



कार्यक्षमता पर सवाल उठते हैं। साथ ही आपके अनुशासनहीन होने का भी संकेत देता है। समय पर न पहुंचने से सहकर्मी और बॉस दोनों ही आपसे नाराज हो सकते हैं।

अनावश्यक गॉसिप करना

गॉसिप करना किसी भी दफ्तर का हिस्सा हो सकता है, लेकिन इसमें अति करना आपकी छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर दूसरों की आलोचना या ऑफिस की गोपनीय जानकारी साझा करना आपकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर सकता है।

काम को टालना

दफ्तर में काम को टालने की आदत आपको आलसी और गैर-जिम्मेदार साबित कर सकती है। इससे न केवल आपकी छवि खराब होती है, बल्कि आपके सहकर्मी भी परेशान हो सकते हैं, क्योंकि आपकी देरी उनके काम को भी प्रभावित कर सकती है।

सहकर्मियों के काम का क्रेडिट लेना

कई बार बॉस के सामने अपना इंप्रेशन बनाने के लिए लोग टीम वर्क का क्रेडिट या सहकर्मी के काम का श्रेय ले लेते हैं। इसके अलावा दूसरों के काम व मेहनत को छोटा दिखाने की कोशिश करते हैं। इससे आपके टीम वर्क स्किल पर सवाल उठ सकते हैं। साथ ही आपकी ये आदत सहकर्मियों के बीच आपको अप्रिय बना सकती है।



वास्तु अनुसार घर के लिविंग एरिया में लगाएं पेंटिंग, घर में आएगी पॉजिटिविटी

लिविंग एरिया किसी भी घर में एक खास महत्व रखता है। घर के इस स्थान पर हम सभी अपनी फैमिली के साथ बैठकर एक अच्छा वक्त बिताते हैं। इतना ही नहीं, घर में आने वाला हर व्यक्ति लिविंग एरिया में ही बैठता है। ऐसे में जब यह स्थान खूबसूरत दिखता है तो आने वाले मेहमान के मन में भी पॉजिटिविटी आती है।

अमूमन हम सभी अपने लिविंग एरिया को सजाने के लिए तरह-तरह शोपीस आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस एरिया को डेकोरेट करने के लिए पेंटिंग्स को दीवार पर लगाना काफी अच्छा माना जाता है। आप भी यकीनन लिविंग एरिया को पेंटिंग्स की मदद से सजा सकती हैं।

हालांकि, अगर इस दौरान वास्तु के नियमों का ध्यान रखा जाए तो इससे घर में पॉजिटिविटी आती है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ। आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि लिविंग एरिया में पेंटिंग लगाते समय आप किन बातों का ख्याल रखें-

उत्तर दिशा में लगाएं पानी के पोस्टर

जब आप अपने लिविंग एरिया को डेकोरेट कर रही हैं तो आप उसकी उत्तर दिशा में पानी के पोस्टर को लगा सकती हैं। इस दिशा में चलते हुए पानी, नदी, समुद्र या फिर तैरती हुई कश्ती आदि के पोस्टर व पेंटिंग्स आदि को लगा सकती हैं। इस तरह के पोस्टर लिविंग एरिया में पॉजिटिविटी लेकर आते हैं।

पूर्व दिशा में लगाएं जंगल के पोस्टर

वहीं लिविंग एरिया की पूर्व दिशा में जंगल के पोस्टर लगाए जा सकते हैं। इस दिशा में हरे-भरे घास के मैदान या फिर रेनबो आदि के पोस्टर लगा सकते



हैं। इस तरह के पोस्टर लगाने से आपका मन प्रफुल्लित होता है। अगर आप चाहें तो इस दिशा में धार्मिक चिन्ह जैसे ओम् या स्वास्तिक आदि को लगा सकते हैं। लेकिन इस दौरान यह ध्यान रखें कि उस पोस्टर में भगवान की तस्वीर नहीं होनी चाहिए।

दक्षिण दिशा में लगाएं बिल्डिंग के पोस्टर

जब बात दक्षिण दिशा की होती है तो लिविंग एरिया की इस दिशा में आपको ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो भारीपन का अहसास करवाएं। आप इस दिशा में ऊंची-ऊंची बिल्डिंग या फिर ऊंची-ऊंची पहाड़ियों की तस्वीरें लगा सकते हैं। यह पोस्टर इस दिशा की नेगेटिविटी को कम करने में मदद करते हैं। आप दक्षिण दिशा के बिल्कुल मध्य में एफिल टॉवर का पोस्टर लगा सकते हैं।

बची हुई इडली से बना सकती हैं क्रिस्पी पकौड़े

कई बार ऐसा होता है कि इडली बच जाती है और दोबारा इसे खाने का मन नहीं करता। ऐसे में इडली को फेंके नहीं, बल्कि कुछ मजेदार ट्राई करें। आप बची हुई इडली से क्रिस्पी पकौड़े तैयार कर सकते हैं। पकौड़े बनाना बहुत ही आसान है बस आपको नीचे बताए गए टिप्स to फॉलो करना होगा।

विधि : सबसे पहले 1 इडली के 4 टुकड़े कर लें। साथ ही, ऊपर बताई गई सभी सामग्री को तैयार करके रख लें। अब एक बाउल में 4 चम्मच मैदा, 4 चम्मच बेसन, स्वादानुसार नमक, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर और 3



हरी मिर्च काट लें। फिर धीरे-धीरे पानी डालकर बैटर तैयार कर लें। इस बात का ध्यान रखें कि बैटर ज्यादा पतला ना हो और 5 मिनट तक घोल को ढककर रख दें।

इस दौरान एक कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें। जब तेल गर्म हो जाए, तो बैटर में इडली डालकर फ्राई कर लें। इसी तरीके से हम सारी इडली को घोल में डालकर दोनों तरफ से फ्राई कर लेंगे। इस दौरान आंच तेज रखनी है, वर्ना इडली क्रिस्पी (पनीर से बनती है 15 मिनट में इडली) नहीं होंगी। फ्राई करने के बाद इडली को एक बाउल में निकालें और गरम-गरम अपने पसंद की चटनी के साथ सर्व करें।

कार्नर न्यूज

योग के दौरान छोटी-छोटी गलतियां पड़ सकती हैं भारी

योग से बनती है सेहत, इसलिए गलतियां पर पूरा ध्यान दें और तुरंत करें इसमें सुधार

हम खुद को स्वस्थ रखने के लिए क्या कुछ नहीं करते। अच्छा आहार लेते हैं, जिम जाते हैं, सुबह जल्दी उठते हैं और रात को समय पर सोते हैं और योग भी करते हैं आदि। बात अगर योग की करें, तो बीते कुछ सालों में योग के प्रति लोगों की रूचि काफी बड़ी है। जहां एक तरफ कई लोग अपने घरों पर ही योग करते हैं, तो कई लोग योगा टीचर से योग करना सीखते हैं। वहीं, योग करने से हमारे शरीर को लाभ भी मिलता है और हमारा शरीर फिट रहता है। वहीं, इन सबके बीच अगर आप योग करना शुरू कर रहे हैं, तो आपके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं, तो आपको इसका नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। तो चलिए जानते हैं योगासन करते समय कौन-कौन सी बातों का ध्यान रखना चाहिए। योग करने वाले इन बातों का रखें ध्यान।

समय का पूरा ध्यान रखें

योग करने का एक समय होता है। दोपहर या रात के समय योग नहीं करना चाहिए। दरअसल, योग करने का सबसे सही समय ब्रह्म मुहूर्त को माना जाता है क्योंकि इस समय एक तो नींद



लेने के बाद शरीर काफी रिलेक्स होता है और दूसरा पेट भी हल्का होता है। इसलिए समय का ध्यान रखना चाहिए।

पानी पीने का नियम बनाएं

आप अगर योग कर रहे हैं, तो ध्यान रखें की इस दौरान पानी पिएं। योग करते समय शरीर में धीरे-धीरे उष्मा का स्तर बढ़ता है। ऐसे में अगर कोई ठंडे पानी का सेवन कर ले, तो उष्मा के स्तर में तेजी से गिरावट हो सकती है। साथ ही इससे एलर्जी, जुकाम और कफ की समस्या हो सकती है। इसलिए योग करने के 15 मिनट बाद ही पानी पिएं।

नियमित करें योग

कई लोग सोचते हैं कि हमने आज योग कर लिया, तो हमें इसका लाभ कल से ही मिलने लगेगा। ऐसे में वो कुछ दिन योग करने के बाद सोचते हैं कि इसका कुछ फायदा नहीं हो रहा और वे योग करना छोड़ देते हैं। जबकि योग का असर धीरे-धीरे करके और लंबे समय तक दिखाई देता है।

पूरा वक्त दें योग के लिए

कई लोग योग तो करते हैं, लेकिन जल्दबाजी में। जबकि, ऐसा नहीं करना चाहिए। दरअसल, योग से आपको मानसिक तौर पर जुड़ना पड़ता है। योग करते वक्त पूरा समय दें और पूरी चेतना के साथ इसका अभ्यास करें। इसके बाद ही आपको पूरी तरह इसका लाभ मिल सकता है।

